दैनिक
नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक
RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण


त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-80 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 03 मई 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना



## पहलगाम जांच रिपोर्ट में एनआईए का खुलासा

### हमले से पहले आतंकियों ने आईएसआई से किया था कॉन्टैक्ट, लश्कर-ए-तैयबा पाकिस्तान के इशारों पर कर रहा था काम



श्रीनगर (ए.)। पहलगाम नरसंहार के षड्यंत्र और इसमें पाकिस्तान की भूमिका को पूरी तरह उजागर करने के लिए सुरक्षा व जांच एजेंसियां हमले में लिप्त आतंकियों को यथासंभव जिंदा पकड़ने पर जोर दे रही हैं। इस बीच, एनआईए ने अभी तक मिले सबूतों और नरसंहार के प्रत्यक्षदर्शियों के दर्ज बयानों व संदिग्ध एवं पकड़े गए ओवरग्राउंड वर्करों से पूछताछ में मिली जानकारी का आकलन शुरू कर दिया है। अभी तक जुटाई गई जानकारी के आधार पर कहा जा रहा है कि नरसंहार से पहले और बाद में आतंकियों ने पाकिस्तान में बैठे अपने हैंडलरों के साथ संपर्क किया है। आतंकियों द्वारा इस्तेमाल किए गए सैटेलाइट फोन का ब्यौरा जुटाने के लिए विदेशी विशेषज्ञों की भी मदद ली जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि यह हमला लश्कर-ए-तैयबा ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर ही किया है। पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों के अभी कश्मीर में ही छिपे होने की संभावना है। इंटेलिजेंस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि आतंकी अभी भी दक्षिण कश्मीर के जंगलों में छिपे हैं। उनके पास राशन-पानी है, ऐसे में ये इन पहाड़ी इलाकों में लंबे समय तक रह सकते हैं। इस बीच, अमेरिका की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी प्रधानमंत्री मोदी को पूरा समर्थन देने की बात कही है। गौरतलब है कि भारत-पाक सीमा के फॉरवर्ड पोस्ट्स पर पाकिस्तान ने सेना तैनात कर दी हैं। इसमें चीन से मिली तोपें भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिका से अपील की है कि वह भारत पर जिम्मेदारी से पेश आने और बयानबाजी कम करने का दबाव बनाए। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से शरीफ ने यह भी कहा कि भारत के उकसाने वाले रवैया से क्षेत्रीय हालात बिगड़ सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की बौखलाहट जगजाहिर हो गई है। आए दिन उसके नेता कोई न कोई बड़बोलापन दिखा रहे हैं। पहले उनके रक्षा मंत्री और अब उनके पूर्व विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के आतंक का पनाहगार होने की बात कबूल ली है।

## योगी सरकार की बड़ी पहल, ट्रांसजेंडर समुदाय को मिलेगा राशनकार्ड

लखनऊ (आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक और सामाजिक सरोकार निभाते हुए ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। सरकार अब विशेष अभियान चलाकर ट्रांसजेंडर नागरिकों को राशन कार्ड मुहैया कराएगी। इसके तहत उन्हें पात्र गृहस्थी राशन कार्ड जारी कर खाद्यान्न की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। खाद्य एवं रसद विभाग के निर्देश के अनुसार, राज्य के सभी जिलों में विशेष अभियान चलाकर ऐसे ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की पहचान की जाएगी, जो अभी तक किसी कारणवश राशन कार्ड से वंचित हैं। यह कदम समाज के इस उपेक्षित वर्ग को न केवल भोजन की सुरक्षा देगा, बल्कि उन्हें शासन की मुख्यधारा से भी जोड़ेगा।

## शुभ मुहूर्त में खोले गए केदारनाथ धाम के कपाट, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा



केदारनाथ (आरएनएस)। उत्तराखंड में स्थित विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ भक्तों के लिए खोल दिए गए। अब अगले छह महीनों तक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर पाएंगे।

शुक्रवार सुबह 7 बजे शुभ मुहूर्त में विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम के कपाट विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ खोले गए। मंदिर के कपाट खुलते ही हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। कपाट खुलते समय आर्मी बैंड ने मधुर धुनें बजाई। इस दौरान केदारनाथ घाटी श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठी।

इस अवसर पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा, केदारनाथ के रावल भीमाशंकर लिंग, मुख्य पुजारी वागेश लिंग, तीर्थ पुरोहित, बीकेटीसी के पदाधिकारी, स्थानीय समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

इससे पहले, अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर यमुनोत्री धाम के कपाट खोले गए थे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बीते बुधवार को 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे थे।

बता दें कि यमुनोत्री और गंगोत्री के बाद केदारनाथ धाम के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए हैं।

## नेशनल हेराल्ड मामला : सोनिया-राहुल गांधी को कोर्ट का नोटिस,ईडी ने चार्जशीट में बनाया है आरोपी

नई दिल्ली(आरएनएस)। नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। अदालत का यह कदम प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मामले में दायर किए गए आरोपपत्र (चार्जशीट) के बाद आया है, जिसमें दोनों प्रमुख कांग्रेस नेताओं को आरोपी बनाया गया है। ईडी ने यह आरोपपत्र दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल किया है। जांच एजेंसी ने आरोपपत्र में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा और सुमन दुबे सहित कई अन्य नेताओं को भी इस मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया है। ईडी इस मामले में वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही है।

## विदिशा में बारातियों का वाहन पलटा, चार की मौत, सीएम मोहन यादव ने शोक जताया

विदिशा, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में गुरुवार की देर रात को बारातियों से भरा वाहन पलट गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हुई है, वहीं 12 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हादसे पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दुख व्यक्त किया है और सहायता राशि का भी ऐलान किया है। बताया गया है कि इंदौर के एक गांव से विदिशा के सिरोंज में बारात आई थी।

## कृषि उद्योग समागम का 3 मई को मंदसौर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे शुभारंभ

### कृषि-उद्यानिकी में नवाचार और उद्यमिता का अभिनव संगम

भोपाल (निप्र)। कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी उन्नयन और कृषक कल्याण को समर्पित 'कृषि उद्योग समागम-2025' का 3 मई को मंदसौर में भव्य आयोजन होगा। एक दिवसीय समागम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, क्षेत्रीय सांसद, विधायकगण तथा प्रदेश भर से आए कृषक, उद्यमी, निर्यातक और एफपीओ प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।



कृषक सम्मेलन एवं विशेषज्ञ मार्गदर्शन-

समागम में कृषि एवं उद्यानिकी के विशेषज्ञों द्वारा नवीनतम तकनीकों पर विस्तृत मार्गदर्शन किसानों और उद्यमियों को प्रदान किया जायेगा, जिसका लाभ वह अपने कृषि और खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों को बेहतर बनाने में कर सकेंगे।

नवीन कृषि तकनीकों का प्रदर्शन

समागम स्थल पर देश के कृषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में आधुनिक यंत्रों, उपकरणों का उत्पादन करने वाली इकाइयों द्वारा स्टॉल लगाये जायेंगे। इनमें आधुनिक कृषि यंत्र ट्रैक्टर, हैप्पी सीडर, प्याज-लहसुन बुआई यंत्र, ड्रोन, एआई आधारित उपकरण, पॉवर स्प्रेयर, सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर, सेंसर-आधारित उर्वरक संयंत्र, कृषि एवं उद्यानिकी की नवीनतम एवं उन्नत किस्में, पॉली/नेट हाउस, मल्चिंग, पौंड लाइनिंग आदि, जैविक व नैनो फर्टिलाइज़र, कस्टमाइज्ड माइक्रो न्यूट्रिएंट्स, गौशाला उत्पाद, दुग्ध एवं हर्बल उत्पाद, पशु आहार, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, बायो-फ्लॉक्स, टैंक व केज कल्चर मॉडल, एक्वेरियम डिस्प्ले शामिल हैं।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर तेज हवाओं से बड़ा हादसा, टर्मिनल 3 पर टिन की छत गिरी

नई दिल्ली(आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आए तेज तूफान और भारी हवाओं के कारण एक हादसा हुआ है। एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर तेज हवा के दबाव के चलते टिन की छत का एक हिस्सा नीचे गिर गया। घटना के तुरंत बाद, हवाई अड्डे पर मौजूद यात्रियों और स्टाफ को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, इस हादसे में फिलहाल किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। हवाई अड्डे के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और स्थिति का जायजा ले रहे हैं। गिरी हुई छत से हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है। हालांकि, इस घटना का हवाई अड्डे के सामान्य संचालन पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है और उड़ानों का आवागमन सामान्य रूप से जारी है।




## गंगा एक्सप्रेसवे पर फाइटर जेट्स ने किया टच एंड गो रिहर्सल, दिखाई अपनी ताकत



लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद में गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी एयर स्ट्रिप पर शुक्रवार को भारतीय वायुसेना की ताकत देखने को मिली। इस आधुनिक एयर स्ट्रिप की लंबाई तीन किलोमीटर है। इस पर भारतीय वायुसेना के राफेल, मिराज, जगुआर जैसे एडवांस फाइटर जेट्स ने दिन में टच एंड गो रिहर्सल करके अपनी शक्ति और कौशल का प्रदर्शन किया। यह भी बताया गया है कि भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान रात में भी इस क्रम को दोहराएंगे। दरअसल, शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों का टच एंड गो रिहर्सल किया गया। लड़ाकू विमानों का शो देखने के लिए 500 से ज्यादा स्कूली बच्चों को बुलाया गया। गंगा एक्सप्रेसवे पर तीन किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है, जिस पर मिराज, जगुआर, मिग 29 और राफेल ने अपनी ताकत दिखाई।

इसके अलावा कैरियर एयरक्राफ्ट और हरक्यूलस जैसे विमानों ने भी अपने कौशल का परिचय दिया। अदाणी ग्रुप से जुड़े अधिकारी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे देश में सबसे बड़ा है। यह एक्सप्रेसवे 594 किलोमीटर लंबा है। यह मेरठ से प्रयागराज को जोड़ता है। यह एक ऐतिहासिक प्रोजेक्ट है।

गंगा एक्सप्रेसवे देश और राज्य के लिए काफी अहम है। यहां से चीन की सीमा नजदीक है, इस लिहाज से इस एक्सप्रेसवे का रणनीतिक महत्व भी है।

## 4 मई को नर्मदापुरम जिला मुख्यालय के 3 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी नीट (यूजी) 2025 परीक्षा


### परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित



नर्मदापुरम (निप्र)। भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (NEET-UG) 2025 का आयोजन रविवार, 4 मई 2025 को जिला मुख्यालय नर्मदापुरम के तीन परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक OMR आधारित पद्धति से किया जाएगा। परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश पर कलेक्टर कार्यालय, नर्मदापुरम के सभा कक्ष में अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी परीक्षा की रूपरेखा, संचालन प्रक्रिया एवं आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान बताया गया कि नीट परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को प्रातः 11:00 बजे से लेकर दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों को 02 पासपोर्ट साइज फोटो, एक पोस्टकार्ड साइज फोटो, परीक्षा के लिए जारी प्रवेश पत्र, परीक्षार्थी का पहचान पत्र तथा पारदर्शी पानी की बोतल ले जाने की अनुमति रहेगी। इसके अतिरिक्त यदि कोई परीक्षार्थी मधुमेह ( डायबिटीज) की बीमारी से ग्रसित है तो उसे बीमारी से संबंधित दवाइयां तथा फल ले जाने की अनुमति भी रहेगी। इसी के साथ जिले के समस्त परीक्षा केंद्रों पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी तथा फ्लाइंग स्क्वॉड एवं पुलिस बल भी तैनात रहेगा।नीट परीक्षा 2025 की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए तथा परीक्षा के सफल सुचारु संचालन के लिए कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका टेलीफोन नं. 07574-251292 है। उक्त कंट्रोल रूम पर परीक्षा आयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है। परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री प्रियंका भलावी, (9165531626) को कंट्रोल रूम नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा कंट्रोल रूम में सहयोग के लिए आशुतोष भार्गव, ऑपरेटर, जिला शिक्षा अधिकारी कार्या0 नर्मदापुरम (8989414248) एवं नर्मदा प्रसाद वरेले, प्राथमिक शिक्षक शासकीय उ0मा0वि0, रायपुर (9179738127) ड्यूटी लगाई गई है।




# चरणबद्ध रूप से होगा एकात्म धाम को पूर्ण करने का कार्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव




भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ओंकार पर्वत पर स्थापित आदिगुरु की 108 फीट ऊंची प्रतिमा व आदि गुरु शंकराचार्य की दीक्षा स्थली को राज्य सरकार एकात्म धाम के रूप में विकसित कर रही है, जो चरणबद्ध रूप से पूर्ण हो रहा है। आदि गुरु शंकराचार्य ने अपने जीवन काल में अनेक महान कार्य किए। गुरु शंकराचार्य की चेतना शास्त्र परंपरा से हमारा परिचय कराती है। भारत को शक्ति संपन्न बनने के लिए ज्ञान, आध्यात्म, शास्त्र एवं शस्त्र सभी विधाओं की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारे संतों एवं संन्यासियों ने धर्म की स्थापना के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। शस्त्र के साथ शास्त्र की परंपरा का अद्भुत समन्वय किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने धार्मिक नगरों में शराबबंदी की शुरुआत की है। शराब की दुकानें बंद कर दूध की दुकाने खोली जा रही है। दुग्ध उत्पादन को

*मुख्यमंत्री एकात्म धाम ओंकारेश्वर में शंकर प्रकटोत्सव में हुए सम्मिलित "एकात्म धाम : एकात्मता की यात्रा" पुस्तक का किया विमोचन*

डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार सांस्कृतिक पर्वों एवं त्यौहारों को समाज के साथ समारोहपूर्वक मनाएगी। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति से जुड़ाव और सामाजिक आयोजनों के लिये सम्पूर्ण प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास और संस्कृति विभाग द्वारा एकात्म धाम, ओंकारेश्वर में आदिगुरु शंकराचार्य के प्रकटोत्सव पर पंच दिवसीय 'एकात्म पर्व' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि ने की। इस अवसर पर महर्षि संदीपनी वेद विद्या पीठ द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने एकात्म धाम की यज्ञशाला की पवित्र यज्ञ-वेदी में आहुति दी। उन्होंने यज्ञ की परिक्रमा कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साधु-संतों के साथ आदिगुरु शंकराचार्य की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संतों का स्वागत कर एकात्म धाम : एकात्मता की यात्रा पुस्तक का विमोचन किया। साथ ही अद्वैत वेदांत के आचार्य स्वामी विदितात्मानंद सरस्वती एवं प्रो. व्ही कुटुम्ब शास्त्री का अलंकरण किया गया। कार्यक्रम में अद्वैत जागरण युवा शिविर पर केंद्रित फिल्म प्रदर्शित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एकात्म धाम में संतों के वचनों का श्रवण कर ऐसा लगा जैसे गागर में सागर भर दिया हो। उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य ने मात्र 32 वर्ष के लघु जीवन काल में इतने महान कार्य किये जो कल्पना से परे हैं। पाँच हजार साल पहले भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में एकात्म के माध्यम से अद्वैत वेदान्त का वर्णन किया। सृष्टि में जगह-जगह कृष्णत्व नजर आया है। शंकराचार्य की दृष्टि हिमालय पर्वत के समान अद्वितीय थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमको सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने का अवसर मिला है। वर्तमान काल में ज्ञान के साथ भारत को शक्ति संपन्न बनने की आवश्यकता है।

# लव जिहाद के विरोध में सकल हिंदू समाज ने 26 स्थानो पर किया प्रदर्शन

## -आरोपियों को फांसी देने की मांग, महिलाओ ने शस्त्र लेकर किया प्रदर्शन

भोपाल (ए.)। राजधानी भोपाल में लव जिहाद के खिलाफ सकल हिंदू समाज ने सड़को पर उतरकर एक साथ 26 स्थानो पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाये भी शामिल हुई। प्रदर्शन के दौरान युवतियां हाथ में लव जिहाद मुर्दाबाद की तख्तियां लेकर नारे लगाती नजर आई। वहीं, बजरंग दल ने सुअर और कुत्ते से पाकिस्तान की तुलना की। बोर्ड ऑफिस चौराहे पर एबीवीपी और सकल हिंदू समाज ने विरोध प्रदर्शन करते हुए लव जिहाद के आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। वहीं वाजपेयी नगर मल्टी में बड़ी संख्या में महिलाएं शस्त्र लेकर प्रदर्शन करने पहुंची। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अपनी पहचान छुपाकर छात्राओं को लव जिहाद का शिकार बनाने वाले आरोपियों को कड़ी सजा दी जाए। लाल घाटी गुफा मंदिर रोड पर जुटी सैकड़ों महिलाओ और छात्राओ ने कहा कि नाम बदलकर लव जिहाद करने वालो की पहचान उजागर होना चाहिए। साथ ही छात्राओं को भी जागरूक होने की जरूरत है। पुराने शहर के भवानी चौक सोमवारा, नादरा बस स्टैंड और नेहरू नगर में भी बड़ी संख्या में महिलाओ के साथ संगटन के लोगो ने लव जिहाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियो ने कहा की प्रदर्शन का विशेष उद्देशय लव जिहाद के बढ़ते मामलों के खिलाफ समाज को एकजुट करना है। साथ ही सरकार से इस मामले में कड़ा कानून बनाने और आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की गई।




# भोपाल रेप केस-पुलिस ने पांचवा आरोपी को किया गिरफ्तार



भोपाल (आरएनएस)। कॉलेज छात्राओं से रेप और वीडियो बनाने के मामले में फरार आरोपी नबील खान अशोका गार्डन पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। एफआईआर की भनक लगने के बाद वह बंगाल भाग गया था।उसकी आखिरी लोकेशन मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) में ट्रेस की गई थी। जबकि वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। नबील के पकड़ में आने के बाद अब केस में कुल पांच आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। इनमें फरहान, साद, अली और साहिल शामिल हैं। वहीं, छठे आरोपी अबरार की तलाश में पुलिस की एक टीम बिहार गई है।आरोपी नबील बेहद शातिर है। वह पुलिस को चकमा देकर बंगाल से भोपाल आ चुका था। उसे यकीन था कि पुलिस उसकी तलाश बिहार और बंगाल में करेगी। भोपाल में छिपेगा तो किसी का ध्यान नहीं जाएगा, क्योंकि यहां से भाग चुका है। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त कर लिया है। लैपटॉप को भी जब्त किया जाएगा। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने डिटेल पूछताछ के लिए उसे 5 मई तक पुलिस रिमांड पर सौंपा है। गैंग का मास्टरमाइंड फरहान नबील खान के ही कमरे का इस्तेमाल छात्राओं से रेप करने के लिए करता था। पूरे केस के पांचवें और छठवें नंबर के इन दोनों आरोपियों की भूमिका भी अहम हुआ करती थी। दोनों ही आरोपी लड़कियों को अपने कमरे में कभी पढ़ाई, तो कभी पार्टी के नाम पर बुलाया करते थे।

## नवनिर्मित न्यायालय भवन का लोकार्पण 4 मई को उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने तैयारियों का लिया जायजा

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 4 मई को रीवा जिले का भ्रमण प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री रीवा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। रीवा के नवनिर्मित न्यायालय भवन का लोकार्पण कार्यक्रम भी 4 मई को प्रस्तावित है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवीन कोर्ट परिसर का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने घायल पुलिसकर्मी के स्वास्थ्य की जानकारी ली

भोपाल 2 मई (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा स्थित निजी चिकित्सालय पहुंचकर उपचाररत पुलिसकर्मी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से घायल पुलिसकर्मी के उपचार के संबंध में पूछताछ की तथा समुचित उपचार के निर्देश दिए। इस दौरान आईजी गौरव राजपूत तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सतना जिले के जैतवारा थाना में पदस्थ पुलिसकर्मी को गत दिनों गोली मारकर घायल कर दिया गया था।

## एमपी आएंगे राहुल और प्रियंकाः जून में जाति जनगणना को लेकर भोपाल में बड़ी सभा, जुटेंगे कांग्रेस के दिग्गज

भोपाल(आरएनएस)। केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना की घोषणा के बाद देश का सियासी पारा गर्म है। मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस जातीय जनगणना को मुद्दा बनायेगी। जातीय जनगणना के मुद्दे पर राहुल गांधी जनता के दरबार में जाएंगे। इसी कड़ी में भोपाल में आगामी जून माह में बडी सभा का आयोजन होगा। राहुल प्रियंका सहित कांग्रेसी दिग्गज भोपाल में जुटेंगे। कांग्रेस जातिगत जनगणना को पार्टी की जीत बता रही है। कांग्रेस जातिगत जनगणना के मुद्दे पर बड़े वर्ग को साधने में जुटेगी। इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि- राहुल गांधी और प्रियंका गांधी स्क्कआयेंगे और जातीय जनगणना को लेकर बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि- एमपी में एससी, एसटी पिछड़े वर्ग का शोषण हो रहा है। इस शोषण के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से करेंगे। राहुल गांधी की जिन्हें जाति जानना है तो उनका शपथ पत्र पढ़ लें। पीसी शर्मा ने कहा कि- पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लग रहे हैं। अगर ऐसा है तो चिन्हित करें और कार्रवाई करें।

## खनियाधाना विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुए गबन में शामिल 6 लोगों पर हुई एफआईआर

भोपाल(आरएनएस)। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय खनियाधाना में वर्ष 2018- 19 से 2024- 25 तक कुल 40 व्यक्तियों के खाते में एक करोड़ चार लाख 42 हजार 763 रुपए का कपट पूर्ण भुगतान और 20 व्यक्तियों के खातों में 50000 से अधिक राशि वेतन के अन्य भत्ता मद में संदिग्ध रूप से भुगतान होना सूचित किया गया था। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने इसे तत्काल संज्ञान में लिया। एसडीएम पिछोर शिवदयाल धाकड़ की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की सहायक संचालक शालिनी दिनकर, सहायक पेंशन अधिकारी संतोष कुर्मी और कोषालय लिपिक अमित यादव की चार सदस्य जांच समिति गठित की गई। समिति द्वारा इस मामले की जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें 40 व्यक्तियों में से 18 लोगों के खातों में 68 लाख 77 हजार 121 का कपटपूर्ण भुगतान होना पाया गया। इसके अलावा 20 में से 8 व्यक्तियों के बैंक खाते में 6 लाख 19 हजार 274 रुपए का भुगतान किया गया था। इसके अतिरिक्त ओमकार धुर्वे, सहायक ग्रेड 3 को विभागीय बैंक खाते से 6 लाख 3 हजार 199 और सुखनंदन रसगैया, लेखपाल को अक्टूबर 2020 के वेतन में 24200 का भुगतान किया गया इस प्रकार इस गवन में 81 लाख 23 हजार 728 रुपए की राशि का भुगतान हुआ है। इस गबन में शामिल शासकीय सेवकों के विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम 1988, भारतीय न्याय संहिता 2023, आईटी एक्ट एवं अन्य दांडिक कानून के अंतर्गत एफआई आर कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

# मध्यप्रदेश में तबादलों से हटा बैन, 30 मई तक होंगे तबादले

## -प्रशासनिक सर्जरी भी होगी, मई में दतिया तो जून में सागर कलेक्टर होंगे रिटायर

भोपाल,(ए)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आज से 30 मई तक के लिए तबादले शुरू हो गए हैं और तबादले के इच्छुक अधिकारी-कर्मचारी तबादला कराने के लिए जानकारी जुटाने में जुट गए हैं। इस बीच प्रदेश में आईएएस और आईपीएस अफसरों के तबादले होना भी तय है। जबलपुर कमिश्नर अभय कुमार वर्मा के रिटायर होने के बाद यहां नए अधिकारी की पोस्टिंग होना है, वहीं इस माह 31 मई को दतिया कलेक्टर संदीप कुमार मॉकिन और 30 जून को सागर संभागायुक्त वीरेंद्र सिंह रावत भी सेवानिवृत हो जाएंगे।बता दें जबलपुर कमिश्नर अभय वर्मा 30 अप्रैल




को रिटायर हो चुके हैं। उनके रिटायरमेंट के बाद अब जबलपुर संभागायुक्त के पद के लिए सचिव स्तर के अधिकारी की पोस्टिंग की जाना है। प्रदेश के बड़े संभागों में शामिल जबलपुर कमिश्नर बनने के लिए कुछ आईएएस अधिकारी लॉबिंग कर रहे हैं और माना जा रहा है कि सीएम डॉ मोहन यादव की हरी झंडी मिलते ही इस सप्ताह किसी अधिकारी की पदस्थापना जबलपुर संभागायुक्त के पद पर हो जाएगी। इसी तरह सामान्य प्रशासन विभाग में अपर सचिव पद पर कार्यरत शैलबाला मार्टिन भी 30 अप्रैल को रिटायर हो चुकी हैं। इसके बाद 31 मई को दतिया कलेक्टर मॉकिन का रिटायरमेंट है। इसलिए दतिया समेत कुछ अन्य जिलों के कलेक्टरों को भी बदला जा सकता है। वहीं सागर संभागायुक्त वीरेंद्र सिंह रावत का रिटायरमेंट जून में होगा।

## मीडियाकर्मी से मारपीट कर लूट का प्रयास, बदमाश ने चाकू मार किया घायल

भोपाल(ए)। पिपलानी इलाके में स्थित गोपालनगर दीप मोहनी कॉलोनी के सामने एक मीडियाकर्मी के साथ देर रात बदमाशो ने मारपीट कर लूट का प्रयास किया गया। युवक ने साहस दिखाते हुए बदमाशों का मुकाबला किया इस बीच आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। इससे उसे हाथ और सिर में चोट आई है। घायल का एम्स में इलाज चल रहा है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, संजीव श्रीवास्तव एक निजी मीडिया संस्थान में पत्रकार हैं। 29 अप्रैल की देर रात 1.30 बजे वह काम के बाद घर जा रहे थे। जैसै ही वह गोपालनगर दीप मोहनी कॉलोनी के सामने पुलिया पर पहुंचा, तभी मोपेड सवार दो बदमाशों ने उन्हें अकेला देखकर रोक लिया। बदमाशो ने संदीप के साथ मारपीट कर उन्हें लूटने की कोशिश की। संदीप बदमाशों से भिड़ गए। एक बदमाश ने चाकू निकालकर संदीप के पेट पर वार किया। संदीप ने हाथ से चाकू पकड़ लिया। इससे उनके हाथ में चोट आई। बदमाश ने फिर से चाकू से उनके सिर पर वार कर दिया जिससे उनके सिर से खून निकल आया। उन्हें लहूलुहान हालत में देख आरोपी वहॉ से भाग निकले। बाद में गंभीर रूप से घायल संदीप को इलाज के लिये एम्स में भर्ती कराया गया। मामला दर्ज कर पुलिस हुलिये आधार पर आरोपियों की पहचान जुटाने के प्रयास कर रही है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे है।

## सहकारी दुग्ध संघों द्वारा दूध क्रय दरों में वृद्धि

भोपाल (ए)। राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा ''सांची'' के प्रबंधन सम्भालने के पश्चात एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) से संबद्ध सहकारी दुग्ध संघों की दुग्ध समितियों के दुग्ध प्रदायकों से क्रय किए जाने वाले दूध क्रय दरों में 01 मई 2025 से वृद्धि कर प्रभावशील की गई है। एमपीसीडीएफ से जानकारी के अनुसार 01 मई 2025 से सांची के दुग्ध प्रदायकों में नवीन दरों से दुध क्रय किए जाने पर दुग्ध प्रदायकों की आर्थिक स्थित सुदृढ होगी, और दुग्ध प्रदायकों को दुधारू पशुपालन में रूचि भी बढेगी।इन दुग्ध संघों की दुग्ध समितियों के दुग्ध प्रदायकों की बढाई गई दरें-ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ द्वारा दुग्ध समितियों के दुग्ध उत्पादकों से दूध क्रय 700 रूपए प्रति किग्रा फैट के हिसाब से किया जाता था जो अब 01 मई 2025 से नवीन दर 760 रूपए प्रति किग्रा फैट पर क्रय किया जा रहा है। दूध क्रय की दर में 60 रूपए प्रति किलो ग्राम फैट की वृद्धि की गई है। बुंदेलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ द्वारा दुग्ध समितियों के दुग्ध प्रदायकों हेतु दूध क्रय 780 रूपए प्रति किग्रा फैट के हिसाब से किया जाता था जो अब 01 मई 2025 से नवीन दर 810 रूपए प्रति किग्रा फैट पर क्रय किया जा रहा है। दूध क्रय की दर में 30 रूपए प्रति किलो ग्राम फैट की वृद्धि की गई है।-उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ द्वारा दुग्ध समितियों के दुग्ध प्रदायकों हेतु दूध क्रय 760 रूपए प्रति किग्रा फैट के हिसाब से दूध क्रय किया जाता था जो अब 01 मई 2025 से नवीन दर 780 रूपए प्रति किग्रा फैट पर क्रय किया जा रहा है।

# योग का मूल संदेश है, वसुधैव कुटुंबकम् : आयुष मंत्री श्री परमार

## वर्ल्ड योग कांग्रेस-2025; एकता और अंतर्दृष्टि की यात्रा है : मंत्री श्री परमार

भोपाल (निप्र)। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने जर्मनी के शांतिपूर्ण वातावरण में स्थित बाइड माइनबर्ग के योग विद्या आश्रम में आयोजित पांचवे यूरोपीय योग सम्मेलन एवं तीसरे विश्व योग महासम्मेलन के मंच यूरोपियन एवं वर्ल्ड योग कांग्रेस -2025 में वर्चुअली सहभागिता की। मंत्री श्री परमार ने महासम्मेलन में सहभागी योग एवं आध्यात्म नेतृत्वकर्ताओं, योग साधकों एवं उपस्थित जर्मनी के नागरिकों को वर्चुअली संबोधित किया एवं आयोजकों को महासम्मेलन के भव्य आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। श्री परमार ने भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे, मध्यप्रदेश की पवित्र नगरी उज्जैन निवासी डॉ. विक्रांत सिंह तोमर को वर्ल्ड योग कन्फेडरेशन के उपाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से नामित किए जाने पर हार्दिक बधाई भी दी। श्री परमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की उज्जैन नगरी के डॉ विक्रांत सिंह का,



इस वैश्विक महासम्मेलन में देश की ओर से प्रतिनिधित्व करना अत्यंत गौरव का विषय है। श्री परमार ने कहा कि उज्जैन एक ऐसा नगर है जो योग, तंत्र, वेद और साधना की हजारों वर्षों पुरानी परम्परा का केंद्र रहा है। इस वैश्विक महासम्मेलन में मध्यप्रदेश की आध्यात्मिक चेतना, वैश्विक मंच पर अभिव्यक्त हो रही है। मंत्री श्री परमार ने हिंदी भाषा में ही अपना उद्बोधन दिया, उनके उद्बोधन के साथ उसका जर्मनी भाषा में अनुवाद उपस्थितजनों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आयुष मंत्री श्री परमार ने कहा कि यह सम्मेलन न केवल योग की भौतिक अभिव्यक्ति है बल्कि एक जीवंत संदेश भी है कि योग, अब एक देश या संस्कृति तक सीमित नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता की साझी विरासत है। श्री परमार ने कहा कि यह सम्मेलन जर्मनी जैसे देश में होना भी गौरव की बात है, जहां भारतीय योग एवं आयुर्वेद पर गहन शोध हो रहे हैं। श्री परमार ने कहा कि योग का महत्वपूर्ण संदेश है, वसुधैव कुटुंबकम। आज जब विश्व अनेक प्रकार के तनावों, संघर्षों और असंतुलनों से गुजर रहा है तब योग ही वह अमृत है जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलन दे सकता है। श्री परमार ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह महासम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं बल्कि वैश्विक जागृति का केंद्र बने। श्री परमार ने कहा कि हम सभी संकल्पित हो कि योग को केवल व्यायाम नहीं बल्कि एक पूर्ण जीवनशैली के रूप में प्रचारित करेंगे। योग के यम-नियम, ध्यान और समाधि जैसे मूल स्तंभों को पुनः विश्वमंच पर स्थापित करेंगे। श्री परमार ने कहा कि योग को मूल भारतीय भाव के साथ प्रचारित करने का संकल्प लेना होगा

# दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को लिखा पत्र

भोपाल (आरएनएस)। राज्यसभा सांसद एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एक पत्र लिखकर राज्य में मजदूरों के कल्याण के लिए बनाए गए कोष में से अन्य मद में डायवर्ट की गई राशि रू. 416.33 करोड़ का बजट में प्रावधान करने और उसे पुनः मजदूर कल्याण कोष में लिया जाने का अनुरोध किया है।



इस पत्र में दिग्विजय सिंह ने बताया है कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण मंडल के पास मार्च 2022 तक रू. 1,959.63 करोड़ की अप्रयुक्त राशि थी। लेकिन वित्त वर्ष 2021-22 में, बोर्ड ने रू. 1,128.57 करोड़ खर्च किए, जिसमें से रू. 416.33 करोड़ की राशि निर्माण श्रमिकों के लिए किसी भी कल्याणकारी योजना में नहीं लगाई गई बल्कि उसे तत्कालीन शिवराज सिंह की सरकार के निर्देशन में अक्टूबर 2021 में दो विद्युत सब्सिडी योजनाओं - मुख्यमंत्री बकाया बिजली बिल माफी योजना और सरल बिजली बिल योजना, पर खर्च कर दिए गए।

# समग्र आईडी को आधार के साथ ई-केवाईसी लिंकिंग कार्य में लापरवाही बरतने पर 06 वार्ड प्रभारी निलंबित

भोपाल(आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने समग्र आईडी को आधार के साथ ईकेवाईसी लिंकिंग कार्य में लापरवाही बरतने और कम संख्या में ईकेवाईसी करने पर 06 वार्ड प्रभारियों को निलंबित कर दिया है। निगम आयुक्त ने समग्र आईडी को ईकेवाईसी से लिंक करने संबंधी कार्य की समीक्षा करते हुए वार्ड प्रभारियों को कार्य में और तेज लाकर प्रकरण निराकृत करने के सख्त निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने सी.एम. हेल्प लाईन की समीक्षा बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने एवं उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर वार्ड क्र. 59 के वार्ड प्रभारी को भी निलंबित कर दिया है। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने समग्र आईडी को आधार के साथ ई-केवाईसी लिंकिंग करने के कार्य की गुरूवार को समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विगत 07 दिनों में समग्र आई.डी को आधार के साथ ई-केवाईसी लिंकिंग कार्य में न्यूनतम प्रगति पाये जाने पर जोन क्र. 10 के अंतर्गत वार्ड क्र. 50 के वार्ड प्रभारी बालकृष्ण करोड़े (मूल पद उ.श्रे.लि.), जोन क्र. 06 के अंतर्गत वार्ड क . 51 के वार्ड प्रभारी राकेश कुमार (मूल पद सहायक राजस्व निरीक्षक), जोन क्र. 13 के अंतर्गत वार्ड क्र. 52 के वार्ड प्रभारी बलभद्र पटेल (मूल पद सहायक राजस्व निरीक्षक), जोन क्र. 12 के अंतर्गत वार्ड क्र. 58 के वार्ड प्रभारी रामजस पटेल (मूल पद नि.श्रे.लि.), जोन क्र. 15 के अंतर्गत वार्ड क्र. 67 के वार्ड प्रभारी इंद्रकुमार जैन (मूल पद उप राजस्व निरीक्षक) एवं जोन क्र. 21 के अंतर्गत वार्ड क्र.32 के अखंड प्रताप सिंह (मूल पद सहायक राजस्व निरीक्षक) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित कर्मचारियों का मुख्यालय डॉ. अम्बेड़कर पुस्तकालय किया गया है। निगम आयुक्त ने सी.एम. हेल्प लाईन की समीक्षा बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने एवं उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर जोन क्र. 12 के अंतर्गत वार्ड क्र. 59 के वार्ड प्रभारी अमितोष सिंह ठाकुर (मूल पद कुर्क अमीन) को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित कर्मचारी का मुख्यालय डॉ. अम्बेड़कर पुस्तकालय किया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में स्व. नरेन्द्र सलूजा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

# पुलिया से टकराई कार, 4 की मौत

गुना (ए.) । गुना में एक कार बेकाबू होकर पुलिया से टकराई गई। हादसे में शादी समारोह से लौट रहे चार युवकों की मौत हो गई। वहीं 3 युवक घायल हैं। इनमें से एक गंभीर को भोपाल भेजा गया है। आशंका है कि कार को पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा बुधवार देर रात 2.30 बजे भदौरा के पास हुआ। शिवपुरी जिले के कोलारस में रिजौदा गांव से बारात गुना के मावन गांव में आई थी। शादी में शामिल होने के बाद कुछ युवक कार से रिजौदा जाने के लिए निकले थे।



# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न स्थलों पर नि:शुल्क प्याउ का हुआ शुभारंभ




सतना (ए.)। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के सभी स्थानों में जल संरक्षण-संवर्धन तथा पेयजल उपलब्धता को लेकर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। अभियान के तहत गुरूवार को जिले के विभिन्न स्थलों पर प्याउ का शुभारंभ हुआ।

जिसमें नागौद के मौहारी, पनगरा, जसो तथा उसरार में नि:शुल्क प्याउ का शुभारंभ किया गया। इसी प्रकार कोठी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दिदौंध के खौडिहा टोला, ग्राम पंचायत मझगवां के बस स्टैण्ड तथा उचेहरा के ग्राम पंचायत पिपरीकला में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सार्जनिक स्थलों पर नि:शुल्क प्याऊ खोले गए हैं।

## दो हादसों में दो युवकों की मौत, एक की मौके पर गई जान, दूसरा अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

गुना (ए.)। जिले के अलग-अलग इलाकों में हुए दो भीषण सडक़ हादसों ने दो परिवारों की खुशियों को गहरा सदमा दे दिया। एक ओर जहां फोरलेन हाइवे पर दूध वाहन चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं दूसरी घटना में एक युवक ने घायल अवस्था में दम तोड़ दिया, जो बारात में डीजे बजाने के बाद लौट रहा था। दोनों हादसों ने सडक़ सुरक्षा और ओवरलोड वाहनों की खतरनाक स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पहली घटना गुना-बीना फोरलेन पर गादेर के पास शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे के आसपास घटी। जानकारी के अनुसार, एक दुग्ध वाहन तेज गति से आकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दूध वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसके चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मोनू गुर्जर निवासी जिला बारां राजस्थान के रूप में हुई है।

# योजनाओं की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

## महिला-बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी, सहायक संचालक एवं चार बाल विकास परियोजना अधिकारियों को मिलेंगे कारण बताओ नोटिस

ग्वालियर (ए.)। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से संचालित योजनाओं की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सख्त रवैया अपनाया है। उन्होंने विभागीय जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक संचालक सहित 4 बाल विकास परियोजना अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने टेक होम राशन, पोषण ट्रेकर एप्लीकेशन में ई-केवायसी व गर्भवती माताओं का पंजीयन सहित विभाग की अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने के लिये विशेष प्रयास करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में कलेक्टर श्रीमती चौहान की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण समिति, जिला पोषण समिति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत गठित जिला टास्क फोर्स एवं स्पॉँसरशिप व फास्टर केयर योजना की समीक्षा बैठक भी



आयोजित हुई। बैठक में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सोमेश महंत सहित समिति के अन्य सदस्यगण, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र वर्धमान, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य सुमंत शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास धीरेन्द्र सिंह जादौन व सहायक संचालक राहुल पाठक सहित जिले के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान बाल विकास परियोजना डबरा के अंतर्गत 2 से 5 साल तक के बच्चों की वजन लेने की उपलब्धि संतोषजनक न पाए जाने पर यहाँ के बाल विकास परियोजना अधिकारी अमित यादव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह टेक होम राशन की समीक्षा के दौरान बाल विकास परियोजना मुरार व शहरी क्र.-4 में हितग्राहियों को कम वितरण पाए जाने पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनील शर्मा व श्रीमती दीपिका रावत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश उन्होंने दिए।

बाल विकास परियोजना घाटीगाँव के अंतर्गत पोषण ट्रेकर एप्लीकेशन में हितग्राहियों के आधार पंजीयन और ई-केवायसी की प्रगति ठीक न पाए जाने पर यहाँ के बाल विकास परियोजना अधिकारी ज्ञानेन्द्र शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कलेक्टर ने देर शाम ग्रीष्म कालीन हॉस्टल का किया निरीक्षण



झाबुआ (ए.)। कलेक्टर नेहा मीना ने गुरुवार देर शाम ग्रीष्म काल में शासकीय नवीन कन्या अंग्रेजी माध्यम (मा. स्तर) आश्रम में संचालित बारहमासी हॉस्टल का निरीक्षण किया। जिले में चिन्हित कुल 24 छात्रावासों/आश्रम शालाओं का 12 मास (ग्रीष्मकाल में) संचालन हेतु संस्थाओं में ग्रीष्म अवकाश के दौरान आवासीय सुविधा सुचारू रूप से दी जा रही है। शासकीय नवीन कन्या अंग्रेजी माध्यम (मा. स्तर) आश्रम में संचालित बारहमासी हॉस्टल का प्रथम दिन होने पर कलेक्टर ने पुष्पमाला से ग्रीष्मकाल में हॉस्टल में निवास करने वाली बच्चियों कर स्वागत कर उन्हें उपहार भेंट किये। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्म काल में संचालित सभी हॉस्टल्स में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियो जैसे आर्ट एण्ड क्राफ्ट, वेस्ट मैनेजमेण्ट के तहत पर 3क्रपर आधारित क्राफ्ट एवं अन्य गतिविधियाँ सिखाई जाए। साथ ही बारहमासी हॉस्टल के बीच इंटर हॉस्टल प्रतियोगिता कराये जाने के निर्देश दिये।

## व्यापार समाचार

# डॉलर के मुकाबले रुपए में तेजी, सात महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली (आरएनएस) । डॉलर के मुकाबले रुपए में तेजी का दौर जारी है और शुक्रवार को यह 40 पैसे की तेजी के साथ 84 के स्तर के नीचे पहुंच गया। यह सात महीनों में पहला मौका है जब डॉलर की तुलना में रुपया इस स्तर पर कारोबार कर रहा है।

अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले स्थानीय मुद्रा की शुरुआत 84.09 के स्तर पर हुई और शुरुआती कारोबार में ही यह 83.90 के स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले के सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया 84.49 पर बंद हुआ था।

बाजार के जानकारों के मुताबिक, भारतीय शेयर बाजार में डेट और इक्विटी में विदेशी निवेश बढ़ने और अमेरिका एवं भारत के बीच व्यापार वार्ता को लेकर सकारात्मक अपडेट के कारण डॉलर के मुकाबले रुपए को सहारा मिल रहा है।

आखिरी बार अमेरिकी मुद्रा की तुलना में भारतीय करेंसी में 84 का स्तर 1 अक्टूबर, 2024 को देखा गया था। इस दौरान यह 83.82 पर था।

वैश्विक स्तर पर अस्थिरता के चलते आई गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों ने फिर से बड़ी मात्रा में निवेश करना शुरू कर दिया है। बीते 11 कारोबारी सत्रों में विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) 37,375 करोड़ रुपए का निवेश कर चुके हैं।

हाल ही में अमेरिकी मीडिया को दिए इंटरव्यू में अमेरिकी ट्रेड वार्ताकार जेमिसन ग्रीर ने कहा था कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौते के करीब हैं, लेकिन यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

उन्होंने आगे कहा, भारत के ट्रेड मंत्री के साथ मेरी बातचीत चल रही है। मैंने अपनी टीम एक सप्ताह के लिए भारत भेजी थी। वे पिछले सप्ताह यहां आए थे और मैंने उनके मुख्य वार्ताकार से मुलाकात की भी थी।

रुपए में तेजी की एक वजह डॉलर इंडेक्स में कमजोरी आना है। दुनिया की छह बड़ी मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 100 के नीचे फिसलकर 99 के आसपास बना हुआ है।

# भारत-यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौता पर हुई चर्चा



नई दिल्ली (ए.)। भारत ने यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत में सार्थक प्रगति के लिए आयात शुल्क के मुद्दों को सुलझाने के साथ ही व्यवसायों के समक्ष पेश होने वाली गैर-शुल्क बाधाओं का समाधान तलाशने पर समान रूप से गौर करने पर जोर दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविच के बीच ब्रसेल्स में हुई बैठक के दौरान वार्ता की प्रगति पर चर्चा की गई। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा ?कि भारत ने इस बात पर जोर दिया कि व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति के लिए शुल्क (आयात शुल्क) चर्चाओं के साथ-साथ गैर-शुल्क बाधाओं (एनटीबी) पर भी समान ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा नियामक ढांचे को समावेशी, आनुपातिक होना चाहिए तथा व्यापार को प्रतिबंधित करने से बचना चाहिए। देश ने पहले भी कई अवसरों पर यूरोपीय संघ के बाजारों में घरेलू उद्योग के समक्ष उत्पन्न गैर-शुल्क बाधाओं का मुद्दा उठाया है और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए इस मुद्दे को सुलझाने का आग्रह किया है। उन्होंने मासिक वार्ता और निरंतर ऑनलाइन जुड़ाव के जरिये वार्ता की गति को बनाए रखने के महत्व पर भी बल दिया। अगले दौर की वार्ता 12-16 मई को यहां निर्धारित है। इसमें कहा गया है कि मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) डिजिटल बदलाव का समर्थन कर और विविध एवं लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देकर वैश्विक वाणिज्य की उभरती वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने की आकांक्षा रखता है। दोनों पक्षों ने आशा व्यक्त की कि समझौता संपन्न होने पर, बाजार तक पहुंच बढ़ाने, नियामक सहयोग को समर्थन देने तथा दोनों पक्षों में नवाचार व प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

# रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को रुपया 23 पैसे की बढ़त के साथ ही 84.31 पर बंद हुआ। आज सुबह अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.98 पर खुला। फिर बढ़त के साथ 83.77 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 77 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.54 पर बंद हुआ था। महाराष्ट्र दिवस' के अवसर पर गुरुवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ



99.97 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अप्रैल में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सर्वाधिक 2.37 लाख करोड़ रुपये रहा जो घरेलू मांग की बेहद स्थिति को दर्शाता है। इसके अलावा विदेशी पूंजी प्रवाह से घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख ने भी भावनाओं को और बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि हालांकि, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव में कोई भी वृद्धि तेजी से लाभ को उलट सकती है और रुपये पर दबाव डाल सकती है जैसा कि पिछले भू-राजनीतिक प्रकरणों में हुआ था।

# ऑडी वाहनों की कीमतें दो प्रतिशत तक बढ़ाएगी




नई दिल्ली (ए.)। लग्जरी कार विनिर्माता कंपनी ऑडी इंडिया ने 15 मई से वाहनों की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि विनिमय दर और कच्चे माल की लागत के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के मकसद से कीमतों में इजाफा किया जा रहा है। देश में ऑडी इंडिया के सभी मॉडल की कीमतों में वृद्धि की जा रही है। ऑडी इंडिया के एक अधिकारी कहा कि विनिमय दर और कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण हम दो प्रतिशत तक का मूल्य समायोजन लागू कर रहे हैं। ऑडी इंडिया भारत में ए4, क्यू5, क्यू7 और आरएस ई-ट्रॉन जीटी सहित विभिन्न मॉडल बेचती है। यह बढ़ोतरी ग्राहकों के लिए नए वाहन की खरीद पर असर डालेगी।

# जून तिमाही में अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन भारत में बनेंगे : एप्पल सीईओ

नई दिल्ली (ए)। अमेरिका में शुल्क दरों पर अस्थिरता के बीच ऐपल ने अपनी बिक्री सप्लाई चेन को बदलने का निर्णय लिया है। टिम कुक, एप्पल के सीईओ, ने शुक्रवार को घोषणा की कि अमेरिका में बिकने वाले अधिकतर आईफोन अब भारत से आयात किए जाएंगे। कुक ने कहा कि साइबर क्रिमिनल्स के खिलाफ भारत के उत्पादों के आयात को बढ़ावा देना हमारी टीम की मुख्य प्राथमिकता है। इस निर्णय के बाद, ऐपल ने यह भी घोषित किया कि अमेरिका में बिकने वाले लगभग सभी आईपैड, मैक, एप्पल वॉच और एयरपॉड अब वियतनाम से आयात किए जाएंगे। इसके विपरीत, चीन और अन्य बाजारों के लिए अधिक आईफोन बनाए जाएंगे। कुक ने कहा कि हम जून तिमाही के बारे में अपनी उम्मीदें जताते हैं कि भारत से आयात किए जाने वाले अधिकतर आईफोन अब मौजूद होंगे। यह निर्णय अमेरिका के बाहर कुल उत्पाद बिक्री में सबसे अधिक हिस्सेदारी चीन की होगी। एप्पल का ऐतिहासिक रोजगार 29 मार्च 2025 को समाप्त हो गया और दूसरी तिमाही में 95.35 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ। इसमें पिछले वर्ष में 90.75 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। विशेष रूप से, मैक और आईपैड की बिक्री में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, आईफोन की बिक्री में मार्च 2024 तिमाही में करीब दो प्रतिशत की कमी देखने के बाद दूसरी तिमाही में 46.84 अरब अमेरिकी डॉलर नोट की गई।00

# वैश्विक बाजार में भी सोने-चांदी के भाव में तेजी


नई दिल्ली (ए.)। बीते कुछ दिनों से सोने-चांदी की कीमतों में आ रही गिरावट शुक्रवार को थम गई है। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के भाव 92,850 रुपये, जबकि चांदी के भाव 95,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वैश्विक बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट 496 रुपये की तेजी के साथ 92,835 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 92,339 रुपये था। इस समय यह 531 रुपये की तेजी के साथ 92,870 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा



था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट 460 रुपये की तेजी के साथ 95,189 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 94,729 रुपये था। इस समय यह 496 रुपये की तेजी के साथ 95,225 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,247.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,222.20 डॉलर प्रति औंस था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.38 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 32.18 डॉलर था। इस समय यह 0.44 डॉलर की तेजी के साथ 32.62 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# एप्पल ने भारत में मार्च तिमाही में किया रिकॉर्ड प्रदर्शन, जल्द खुलेगा नया रिटेल स्टोर : टिम कुक



नई दिल्ली (ए.)। एप्पल ने जनवरी-मार्च तिमाही में भारत सहित दुनिया के कई देशों में रिकॉर्ड ग्रोथ दर्ज की है। इसके साथ ही कंपनी दुनियाभर में नए रिटेल स्टोर खोलने की योजना बना रही है। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने कहा, "तिमाही के दौरान एप्पल ने दो नए रिटेल स्टोर खोले हैं। हम यूएई में एक नया रिटेल स्टोर, सउदी अरब में ऑनलाइन स्टोर और इस वर्ष के अंत में भारत में नए रिटेल स्टोर शुरू करेंगे।"सॉफ्टवेयर में कंपनी ने अभी आईओएस 18.4 जारी किया है, जिसने एप्पल इंटेलिजेंस को फ्रेंच, जर्मन, इतालवी, पुर्तगाली, स्पेनिश, जापानी, कोरियाई और चीनी सहित अधिक भाषाओं में पेश किया है।

मार्च तिमाही में एप्पल की आय 95.4 अरब डॉलर रही है। इसमें सालाना आधार पर 5 प्रतिशत से अधिक का उछाल देखा गया है। प्रति शेयर आय 1.65 डॉलर रही है। इसमें सालाना आधार पर 8 प्रतिशत का उछाल देखा गया है। कुक ने एक बयान में कहा, "एप्पल ने मजबूत तिमाही नतीजे जारी किए हैं, जिसमें सर्विसेज में दोहरे अंकों की वृद्धि हुई है। " उन्होंने कहा, "हमें अपने प्रोडक्ट लाइनअप में आईफोन 16ई को जोड़ा है और एप्पल सिलिकॉन की असाधारण क्षमताओं का लाभ उठाने वाले शक्तिशाली नए मैक और आईपैड पेश किए हैं और हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने पिछले एक दशक में अपने कार्बन उत्सर्जन में 60 प्रतिशत की कटौती की है।





# विझिनजाम बंदरगाह का मोदी ने किया उद्घाटन, मंच पर दिखे थरूर, प्रधानमंत्री बोले- इस कार्यक्रम से कई लोगों की उड़ेगी नींद



तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के तिरुवनंतपुरम में 8,900 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और कांग्रेस सांसद शशि थरूर भी मौजूद रहे। केरल सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किया गया है।

विझिनजाम बंदरगाह का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, एक तरफ विशाल समुद्र है, जिसमें अनेक अवसर हैं और दूसरी तरफ प्रकृति की सुंदरता है, इन दोनों के बीच यह विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय गहरे पानी वाला बहुउद्देशीय बंदरगाह है, जो नए युग के विकास का प्रतीक है। इस बंदरगाह का निर्माण 8,800 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है और निकट भविष्य में इसके ट्रांसशिपमेंट हब की क्षमता तीन गुनी हो जाएगी। इसे बड़े मालवाहक जहाजों को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो एक महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करता है। अब तक, भारत की 75 प्रतिशत ट्रांसशिपमेंट गतिविधियां विदेशी बंदरगाहों पर संचालित की जाती थीं, जिसके परिणामस्वरूप देश को राजस्व का बड़ा नुकसान होता था। हालांकि, यह बदलने वाला है। पहले विदेशों में खर्च किए जाने वाले धन को अब घरेलू विकास में लगाया जाएगा, जिससे विझिनजाम और केरल के लोगों के लिए नए आर्थिक अवसर पैदा होंगे, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि देश की संपत्ति सीधे अपने नागरिकों को लाभान्वित करे।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि गुलामी से पहले हमारे भारत ने हजारों वर्ष की समृद्धि देखी है। एक समय वैश्विक जीडीपी में मेजर शेयर भारत का हुआ करता था। उसमें केरल का बड़ा योगदान था। उस समय भारत को अन्य देशों से अलग करने वाली बात थी, इसकी प्रभावशाली समुद्री क्षमताएं और इसके बंदरगाह शहरों में संपन्न आर्थिक गतिविधियां। केरल ने इस सफलता में विशेष भूमिका निभाई। भारत सरकार ने, राज्य सरकार के सहयोग से सागरमाला परियोजना के तहत पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड किया है। पोर्ट कनेक्टिविटी को भी बढ़ाया है। पीएम-गतिशक्ति के तहत जलमार्गों, रेलवे, राजमार्गों और वायुमार्गों की अंतर-कनेक्टिविटी को तेज गति से बेहतर बनाया जा रहा है। बंदरगाह अर्थव्यवस्था की पूरी क्षमता का एहसास तब होता है, जब बुनियादी ढांचे के विकास और व्यापार करने में आसानी को प्राथमिकता दी जाती है और बढ़ावा दिया जाता है। पिछले एक दशक में, यह दृष्टिकोण सरकार की बंदरगाह और जलमार्ग नीतियों की आधारशिला रहा है। औद्योगिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने और राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। वहीं आज भगवान आदि शंकराचार्य जी की जयंती है। तीन वर्ष पूर्व सितंबर में मुझे उनके जन्मभूमि क्षेत्र में जाने का सौभाग्य मिला था। केरल से निकलकर देश के अलग-अलग कोनों में मठों की स्थापना करके आदि शंकराचार्य जी ने राष्ट्र की चेतना को जागृत किया। इस पुनीत अवसर पर मैं उन्हें नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने राज्य सरकार के साथ मिलकर सागरमाला परियोजना के तहत बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण किया है और बंदरगाहों की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार किया है। इसके अतिरिक्त, पीएम-गतिशक्ति पहल के तहत जलमार्ग, रेलवे, राजमार्ग और वायुमार्गों की अंतर्संबंधता बढ़ाने के प्रयास तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के अमरावती में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया.

## एनसीपी (एसपी) के जयंत पाटिल ने 'फुले' को टैक्स फ्री करने की उठाई मांग

मुंबई (आरएनएस)। शिक्षक, समाज सुधारक ज्योतिराव गोविंदराव फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित विवादित फिल्म 'फुले' को महाराष्ट्र में टैक्स फ्री करने की मांग की गई है। महाराष्ट्र एनसीपी (एसपी) के विधायक जयंत पाटिल ने इसे लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखा है।टैक्स फ्री की मांग को लेकर जयंत पाटिल ने अपने पत्र में कहा कि 25 अप्रैल को निर्देशक अनंत महादेवन की फिल्म 'फुले' सिनेमाघरों में रिलीज हुई, जिसे दर्शक पसंद कर रहे हैं। हमारी मांग है कि इस फिल्म को टैक्स फ्री किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसे देख सकें।महाराष्ट्र सीएम को सौंपे गए पत्र में उन्होंने लिखा, सर, महात्मा फुले और सावित्रीबाई का इतिहास दलितों के लिए पानी की टंकी खोलने, शिक्षा के लिए दरवाजे खोलने, महिला शिक्षा के लिए कदम उठाने तक ही सीमित नहीं है। इससे भी अधिक बड़ा काम उन्होंने किया है। उनके काम का प्रभाव इतना जबरदस्त है कि जैसे 19वीं सदी में उनके काम का विरोध हुआ, वैसे ही 21वीं सदी में उनकी फिल्म का भी विरोध देखने को मिला। परिणामस्वरूप सेंसर बोर्ड ने फिल्म के करीब 12 सीन काट दिए।



पूर्व क्रिकेटर कपिल देव ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की.

## दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाओं और भारी बारिश का कहर, मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट, कई फ्लाइट्स पर पड़ा असर

नोएडा (आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई हिस्सों में शुक्रवार सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश और आंधी-तूफान को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। इस कारण इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाली और यहां उतरने वाली कई फ्लाइट्स पर भी इसका असर पड़ा है। कई फ्लाइट्स को या तो रद्द कर दिया गया है या फिर उन्हें डायवर्ट किया गया है।मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ घंटों में उत्तरी, पूर्वी और दक्षिणी भारत के कई हिस्सों में तेज आंधी, बिजली गिरने और भारी बारिश की संभावना जताई गई है। विशेष रूप से उत्तर पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दक्षिण-पश्चिम राजस्थान, ओडिशा, छत्तीसगढ़, दक्षिण गंगा तटीय पश्चिम बंगाल और उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश में खराब मौसम की चेतावनी दी गई है।

# उत्तर प्रदेश : फिरोजाबाद में आकाशीय बिजली ने ली दो मजदूरों की जान

फिरोजाबाद (आरएनएस)। उत्तर भारत के कई हिस्सों में शुक्रवार सुबह से ही तेज हवाओं के बीच मूसलाधार बारिश हो रही है। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो मनरेगा मजदूरों की मौत हो गई है, जबकि एक मजदूर घायल हुआ है। मामला थाना नसीरपुर क्षेत्र के कुतकपुर गांव का है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह एक ही गांव के 15 मनरेगा मजदूर एक साथ काम करने के लिए निकले थे, तभी आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। इस बीच अचानक आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा, एक मजदूर घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतकों के परिवार में मातम पसर गया है। साथ ही पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इससे पहले, 1 मई को उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में अचानक मौसम ने करवट



ली। गोरखपुर, बस्ती समेत कई जिलों में तेज आंधी, तूफान, बारिश के साथ आकाशीय बिजली भी गिरी।

फिरोजाबाद में भी बिजली की गरज, तेज हवाओं और फिर भारी बारिश के चलते स्थानीय निवासियों में अफरा-तफरी मची रही। सुबह रोशनी काफी कम रही और दैनिक कार्य प्रभावित हुए। सीएम योगी ने इसका संज्ञान लेते हुए प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों को मौके पर जाकर जनहानि के सर्वे करने के निर्देश दिए।

## दिल्ली क्राइम ब्रांच ने 25 लाख की लूट में शामिल तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। क्राइम ब्रांच ने दिल्ली के आनंद पर्वत में चोरी के एक मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी आदित्य गौतम के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की टीमों ने एक गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों को ट्रैक किया और इसके बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से कुछ नकदी भी बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, 30 अप्रैल को लुटेरों के एक समूह ने आनंद पर्वत स्थित एक घर में घुसकर करीब 25 लाख रुपए का सामान लूट लिया था। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और आरोपियों के अन्य साथियों की पहचान कर रही है।इससे पहले, बीते 14 अप्रैल को दिल्ली पुलिस की क्र ाइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद दो कुख्यात लुटेरों को गिरफ्तार किया था। ये आरोपी सुल्तानपुरी इलाके में हाल ही में हुई एक सनसनीखेज लूट और हत्या के प्रयास के मामले में वांछित थे। मुठभेड़ के दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग की थी, जिसमें दो पुलिसकर्मियों को गोली लगी।

## राजस्थान में बदला मौसम का मिजाज : तेज आंधी-बारिश से राहत और तबाही दोनों, कई जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी

जयपुर, (आरएनएस)। राजस्थान में गर्मी से तपते आमजन को जहां शुक्रवार सुबह कुछ राहत मिली, वहीं तेज आंधी और बारिश ने कई जिलों में कहर भी बरपाया। जयपुर, भरतपुर, अलवर, झुंझुनूं सहित अनेक जिलों में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं ने पेड़, बिजली के पोल और सोलर पैनल तक गिरा दिए। इसके साथ ही तापमान में गिरावट आई है और मौसम सुहावना हो गया है।

जयपुर में तूफान की चपेट में आए इलाके

राजधानी जयपुर में सुबह से ही मौसम ने करवट ली। अजमेर रोड और खातीपुरा इलाकों में पेड़ गिरने से ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हुई, जबकि हरमाड़ा क्षेत्र में बीती रात तेज हवाओं के



कारण घरों और खेतों में लगे सोलर पैनल बिखर गए। सड़कों पर जगह-जगह पेड़ों के गिरने से यातायात भी अवरुद्ध हो गया।

मौसम विभाग का अलर्ट

मौसम विभाग ने शुक्रवार को राजस्थान के अधिकांश जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। सिर्फ प्रतापगढ़, डूंगरपुर और बांसवाड़ा को इससे अलग रखा गया है। बाकी सभी जिलों में तेज आंधी और बारिश की संभावना बनी हुई है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है।

कहां-कहां और कितनी बारिश हुई?

पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश भरतपुर जिले के कामां कस्बे में दर्ज की गई, जहां 77 मिमी (करीब 3 इंच) बारिश हुई। अन्य प्रमुख स्थानों पर हुई बारिश्-जयपुर, दौसा, चूरू, हनुमानगढ़, भीलवाड़ा जैसे कई शहरों में 1 से 10 मिमी तक वर्षा हुई। जैसलमेर में तेज आंधी से कई स्थानों पर बिजली के पोल गिर गए, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। कुछ क्षेत्रों में घंटों तक बिजली नहीं रही, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

## एजाज खान के 'हाउस अरेस्ट' पर भड़कीं महाराष्ट्र भाजपा महिला अध्यक्ष, 'अश्लील' शो पर प्रतिबंध लगाने की मांग

मुंबई (आरएनएस)। बिग बॉस 7 के पूर्व प्रतियोगी और एक्टर एजाज खान अपने अश्लील शो 'हाउस अरेस्ट' को लेकर मुश्किल में फंस गए हैं। महाराष्ट्र भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष चित्रा वाघ ने रियलिटी सीरीज पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने इस शो को अश्लीलता का प्रतीक बताया है। चित्रा वाघ ने एक्स पर शो का एक क्लिप शेयर किया। इस क्लिप में एजाज प्रतियोगियों के साथ अशोभनीय बातचीत करते और उन्हें आपत्तिजनक सीन करने के लिए उकसाते नजर आ रहे हैं।उन्होंने एक्स पर लिखा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर अश्लीलता को खुली छूट देना बंद करें! एजाज खान के शो 'हाउस अरेस्ट' पर प्रतिबंध लगाएं।उन्होंने कहा, एजाज खान खुद को अभिनेता कहते हैं और उनका शो 'हाउस अरेस्ट' अश्लीलता की पराकाष्ठा है। यह शो उल्लू ऐप पर स्ट्रीम होता है और इसके क्लिप अब सोशल मीडिया पर खुलेआम घूम रहे हैं, जो बेहद घिनौने हैं। ऐसा कंटेंट बच्चों के मोबाइल पर आसानी से उपलब्ध है।चित्रा वाघ का कहना है कि इस तरह के शो सांस्कृतिक मूल्यों को नीचा दिखाते हैं और भविष्य की पीढ़ियों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं।उन्होंने कहा, ऐसे शो न केवल हमारी संस्कृति का अपमान हैं, बल्कि हमारे समाज के नैतिक स्वास्थ्य पर भी हमला हैं।

## कांग्रेस-भाजपा की नीयत बहुजन के प्रति साफ होती तो ओबीसी समाज की देश के विकास में उचित भागीदारी होती : मायावती



लखनऊ, (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती जातीय जनगणना को लेकर हमलावर दिखाई दी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एवं भाजपा आदि की अगर नीयत व नीति बहुजन समाज के प्रति पाक-साफ होती तो ओबीसी समाज देश के विकास में उचित भागीदार बन गया होता।बसपा प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि काफी लंबे समय तक ना-ना करने के बाद अब केंद्र द्वारा राष्ट्रीय जनगणना के साथ जातीय जनगणना भी कराने के निर्णय का भाजपा व कांग्रेस आदि द्वारा इसका श्रेय लेकर खुद को ओबीसी हितैषी सिद्ध करने की होड़, जबकि इनके बहुजन-विरोधी चरित्र के कारण ये समाज अभी भी पिछड़ा, शोषित व वंचित है। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस एवं भाजपा आदि की अगर नीयत व नीति बहुजन समाज के प्रति पाक-साफ होती तो ओबीसी समाज देश के विकास में उचित भागीदार बन गया होता, जिससे इनके मसीहा परमपूज्य बाबासाहेब डा. भीमराव अंबेडकर का 'आत्म-सम्मान व स्वाभिमान' का मिशन सफल होता हुआ जरूर दिखता। बसपा प्रमुख मायावती ने आगे लिखा कि बाबासाहेब एवं बीएसपी के अनवरत संघर्ष के कारण ओबीसी समाज आज जब काफी हद तक जागरूक है, तो दलितों की तरह ओबीसी वोटों के लिए लालायित इन पार्टियों में इनका हितैषी दिखने का स्वार्थ व मजबूरी है, अर्थात् स्पष्ट है कि ओबीसी का हित बीएसपी में ही निहित है, अन्यत्र नहीं। उन्होंने कहा कि 'वोट हमारा राज तुम्हारा-नहीं चलेगा' के मानवतावादी संघर्ष को सही व सार्थक बनाकर अपने पैरों पर खड़े होने का समय करीब है, जिसके लिए कोताही व लापरवाही घातक तथा भाजपा व कांग्रेस आदि पार्टियों पर दलित, ओबीसी समेत बहुजन-हित, कल्याण व उत्थान हेतु भरोसा करना ठीक नहीं है।इसके पहले मायावती ने कहा कि देश में मूल जनगणना के साथ ही 'जातीय जनगणना' कराने का केंद्र सरकार द्वारा आज लिया गया फैसला काफी देर से उठाया गया सही दिशा में कदम है। इसका स्वागत है। बीएसपी इसकी मांग काफी लंबे समय से करती रही है। उम्मीद है कि सरकार 'जनगणना से जनकल्याण' के इस फैसले को समय से जरूर पूरा कराएगी।

## नोएडा में बारिश बनी लोगों के लिए मुसीबत, ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई

नोएडा (आरएनएस)। शुक्रवार सुबह हुई झमाझम बारिश ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा की ट्रैफिक व्यवस्था को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। बारिश के बाद सड़कों पर जलभराव और फिसलन ने हालात और बिगाड़ दिए। इसका सीधा असर लोगों के दफ्तर जाने के समय पर पड़ा। जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही, जिससे हजारों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे रहा, जहां कई किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम देखा गया। एक्सप्रेसवे पर वाहनों की रफ्तार थम सी गई और वाहन रेंगते नजर आए। दलित प्रेरस्थल के सामने भी ट्रैफिक की स्थिति बेहद खराब रही। वहां पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे स्थानीय लोग और ऑफिस जाने वाले यात्री घंटों तक फंसे रहे। कालिंदी कुंज बॉर्डर पर भी वाहनों की संख्या बढ़ने से स्थिति गंभीर हो गई।

# हमारी सरकार सिर्फ बोलती ही नहीं है, बल्कि कार्रवाई भी करती है : दिलीप घोष

कोलकाता (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के नेता दिलीप घोष ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के संदर्भ में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सिर्फ बोलते नहीं हैं, बल्कि करके भी दिखाते हैं। सरदार पटेल के बाद तो लोग भूल ही गए थे कि देश में कोई गृह मंत्री का भी पद होता है, लेकिन जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई, उससे लोगों को गृह मंत्री के पद का एहसास हुआ।

भाजपा नेता ने ये बातें पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आतंकियों का समूल नाश किया जाएगा। उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। अब समय आ चुका है कि आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारें।

इसके अलावा, भाजपा नेता दिलीप घोष ने ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के उस बयान पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार कह रही है कि हम आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शेंगे नहीं, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि अगर केंद्र सरकार आतंकियों के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर पाई, तो फिर भाजपा उनके घर में घुस जाएगी।

ओवैसी के इसी बयान पर दिलीप घोष ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, क्या होगा। आप उसे छोड़िए। भाजपा सरकार ने आतंकियों के खिलाफ क्या किया है, जरा वो देखिए।

उन्होंने सवाल पूछा, पिछले 75 सालों में आतंकियों के खिलाफ किसने कार्रवाई की? आतंकियों को किसने खत्म किया? जवाब



बिल्कुल स्पष्ट है, मोदी सरकार ने किया है। आप ये देखिए कि अभी तक तो प्रधानमंत्री मोदी ने ये भी नहीं कहा है कि हम पाकिस्तान पर हमला करेंगे। लेकिन, उससे पहले ही पाकिस्तान में हाहाकार मचा हुआ है। वहां पर लोग खौफ में हैं। पाकिस्तान अब धीरे-धीरे खाली होता जा रहा है। वहां के सभी मंत्री अब विदेश रवाना हो रहे हैं। इस तरह से पाकिस्तान खाली होता जा रहा है। पाकिस्तानियों को कुछ समझ नहीं आ रहा है कि क्या किया जाए।भाजपा नेता ने पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब जहाज डूबता है, तो सबसे पहले चूहे ही भागते हैं। पाकिस्तान में मौजूदा स्थिति ऐसी ही बनी हुई है। सभी चूहे अब भाग रहे हैं।बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों पर हमला किया था। यह सभी पर्यटक देश के अलग-अलग राज्यों से थे। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर ए तैयबा ने ली थी।

# भाभी जी घर पर हैं फेम शुभांगी अत्रे की मुस्कान ने जीता फैंस का दिल, शेयर की दिलकश तस्वीरें



लोकप्रिय टीवी शो 'भाभी जी घर पर हैं' की अंगूरी भाभी यानी शुभांगी अत्रे ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से फैंस का दिल जीत लिया है. एक्ट्रेस ने सफेद रंग की ऑफ-शोल्डर ड्रेस में कुछ बेहद प्यारी तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें उनकी सादगी और मुस्कान फैंस को दीवाना बना रही है. शुभांगी अत्रे ने फोटो के साथ कैप्शन में लिखा, अपने दिल में बसे सपनों के नेतृत्व में चलो, यानी अपने दिल के सपनों के पीछे चलो। एक्ट्रेस का ये मोटिवेशनल अंदाज़ उनके फैंस को भी खूब पसंद आ रहा है.

तस्वीरों में शुभांगी का ग्लो और उनकी स्माइल सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है. कमेंट सेक्शन में फैंस उन्हें सुन्दरता की देवी और भाभी जी घर पर हैं की सबसे खूबसूरत महिला कहकर तारीफों की बरसात कर रहे हैं. शुभांगी अत्रे न सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपने स्टाइल और पॉजिटिव पर्सनैलिटी के लिए भी जानी जाती हैं. उनका ये लुक एक बार फिर साबित करता है कि वे फैंस की ऑल टाइम फेवरेट बनी हुई हैं.

एक नजर में कहें तो शुभांगी की ये पोस्ट उनके फैंस के लिए एक खूबसूरत ट्रीट साबित हुई है. साथ ही फैंस उनके आगामी प्रोजेक्ट पर नजर गड़ाए हुए हैं.

# विक्की कौशल बने एक जादूगर, शूजित सरकार की फिल्म में जादुई अवतार में आएंगे नजर

विक्की कौशल इन दिनों अपने करियर की ऊंचाई पर हैं। हाल ही में आई उनकी ऐतिहासिक फिल्म छावा की सफलता के बाद अब उन्होंने अपनी अगली फिल्म का पहला लुक जारी कर फैंस को चौंका दिया है। इस बार विक्की का अंदाज कुछ अलग और मजेदार होने वाला है। खास बात है कि अभिनेता इस बार जादूगर बनने की तैयारी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ये पोस्टर आते ही वायरल हो गया है और फैंस उनके इस नए अवतार को खूब पसंद कर रहे हैं।

पोस्टर में विक्की कौशल हरे रंग की चमकदार ड्रेस में नजर आ रहे हैं, जिससे साफ झलकता है कि वो फिल्म में एक जादूगर का रोल निभाने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर शूजित सिरकार कर रहे हैं, जिन्होंने पीकू और अक्टूबर जैसी शानदार फिल्में बनाई हैं। फिल्म को राइजिंग सन फिल्म्स प्रोड्यूस कर रहा है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है,

पोस्टर में विक्की कौशल का लुक न सिर्फ फैंटेसी और जादू का एहसास कराता है, बल्कि फिल्म की थीम को भी शानदार ढंग से बयां



करता है. बैकग्राउंड में उड़ते ताश के पत्ते, कबूतर और मैजिकल बॉल्स इस फिल्म को विजुअली भी बेहद आकर्षक बनाते हैं.

फैंस ने विक्की के इस नए अवतार को खूब सराहा है. सोशल मीडिया पर कमेंट्स की भरमार है — कोई उन्हें मैजिकल मैन कह रहा है तो कोई परफेक्ट चॉइस फॉर द रोल. फिल्म से जुड़ी ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन पोस्टर ने दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है. विक्की कौशल की एक्टिंग स्किल्स को देखते हुए यह फिल्म निश्चित ही कुछ नया और अलग लेकर आएगी.

14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की फिल्म छावा को सिनेमाघरों में तहलका मचा दिया था। मूवी में अभिनेता मराठा वीर योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया था जिसमें एक्टर के करियर को बड़ी उड़ान दी है। लगभग 130 करोड़ के बजट में तैयार हुई फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस से 594 करोड़ की कमाई की है।विक्की कौशल की अन्य फिल्मों की बात करें तो अभिनेता जल्द ही संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आने वाले हैं। फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट, रणबीर कपूर अहम भूमिका निभाने वाले हैं। हालांकि अभी तक मेकर्स की तरफ से इसकी कहानी पर कोई अपडेट साझा नहीं किया गया है।इसके अलावा हाल ही में खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण को भी इस मूवी के लिए अप्रोच किया गया है।

# पलक तिवारी बोलीं-मां ने मुझे शोहरत दिलाई, सलमान खान की फिल्म में काम नहीं



पलक तिवारी इन दिनों चर्चा में हैं। वह संजय दत्त और मौनी रॉय अभिनीत हॉरर कॉमेडी फिल्म द भूतनी में नजर आ रही हैं। बिजली-बिजली गाने से लोगों के बीच चर्चा में आई पलक की तुलना अक्सर उनकी मां श्वेता तिवारी से की जाती है।

हाल ही में उन्होंने इस पर खुलकर बात की और बताया कि मां का उनके करियर में कोई योगदान नहीं है और अगर होता तो उन्हें सलमान की फिल्म में इतनी छोटी भूमिका नहीं मिलती।

पलक से पूछा क्या आप मानती हैं कि आपको अपनी अभिनेत्री मां के कारण इतना बड़ा मौका मिला तो वह बोलीं, मैं टीवी पर जाती तो मुझे बहुत फायदा मिलता, क्योंकि मेरी मम्मी ने छोटे पर्दे पर एक बहुत बड़ा मुकाम बनाया है, लेकिन अपनी पहली फिल्म का मौका मुझे बिग बॉस के कारण मिला, जहां मैं हार्डी संधू के साथ अपना बिजली गाना प्रमोट करने गई थी। मम्मी के कारण मुझे शोहरत बहुत मिली, लेकिन फिल्म नहीं।

पलक कहती हैं, फिल्म किसी का भाई किसी की जान में मेरा किरदार छोटा था। अगर फायदा होना होता तो फिर रोल में भी होना चाहिए था। सलमान खान ने मुझे मौका दिया, क्योंकि उन्होंने मुझे उस रोल के काबिल समझा। वे मुझे बच्चे की तरह मानते हैं और उन्हें लगा कि इस रोल के जरिए मैं इंडस्ट्री में परिचित हो जाऊंगी, लेकिन मैं नहीं मानती कि मम्मी के स्टारडम के कारण काम के तरीके में मुझे कोई मदद मिली।

मां के साथ अपनी तुलनाओं पर पलक ने कहा, दरअसल, मेरी मम्मी बहुत मशहूर हैं, तो लोग ये भूल जाते हैं कि वे मेरी मां हैं। अब तो हम इस बात पर हंसना सीख गए हैं, लेकिन पहले हमें भी ये बात अजीब लगती थी। अक्सर लोग कहते हैं कि उन्हें मेरी मां मुझसे ज्यादा पसंद हैं। लोगों को लगता है कि हमारे बीच प्रतिस्पर्धा है। ये बात बहुत फनी लगती है। अपनी मां से मैं क्यों प्रतिस्पर्धा करूंगी भाई।पलक का नाम काफी समय से सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान संग जुड़ रहा है।

# भाभी जी घर पर हैं फेम शुभांगी अत्रे की मुस्कान ने जीता फैंस का दिल, शेयर की दिलकश तस्वीरें



लोकप्रिय टीवी शो 'भाभी जी घर पर हैं' की अंगूरी भाभी यानी शुभांगी अत्रे ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से फैंस का दिल जीत लिया है. एक्ट्रेस ने सफेद रंग की ऑफ-शोल्डर ड्रेस में कुछ बेहद प्यारी तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें उनकी सादगी और मुस्कान फैंस को दीवाना बना रही है. शुभांगी अत्रे ने फोटो के साथ कैप्शन में लिखा, अपने दिल में बसे सपनों के नेतृत्व में चलो, यानी अपने दिल के सपनों के पीछे चलो। एक्ट्रेस का ये मोटिवेशनल अंदाज़ उनके फैंस को भी खूब पसंद आ रहा है.तस्वीरों में शुभांगी का ग्लो और उनकी स्माइल सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है. कमेंट सेक्शन में फैंस उन्हें सुन्दरता की देवी और भाभी जी घर पर हैं की सबसे खूबसूरत महिला कहकर तारीफों की बरसात कर रहे हैं. शुभांगी अत्रे न सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपने स्टाइल और पॉजिटिव पर्सनैलिटी के लिए भी जानी जाती हैं. उनका ये लुक एक बार फिर साबित करता है कि वे फैंस की ऑल टाइम फेवरेट बनी हुई हैं.

एक नजर में कहें तो शुभांगी की ये पोस्ट उनके फैंस के लिए एक खूबसूरत ट्रीट साबित हुई है. साथ ही फैंस उनके आगामी प्रोजेक्ट पर नजर गड़ाए हुए हैं.

# बॉक्स ऑफिस पर इमरान हाशमी की ग्राउंड जीरो का खेल खत्म, 6 दिन में हुई इतनी कमाई



इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है और पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है।आलम यह है कि 6 दिन में यह फिल्म 8 करोड़ रुपये भी नहीं कमा पाई है। पिछले 3 दिन से फिल्म के कमाई लाखों में सिमट हुई है।

ग्राउंड जीरो से सारी उम्मीदें खत्म हो चुकी हैं।आइए जानें छठे दिन फिल्म का क्या हाल रहा।

सैकनिल्क के मुताबिक, ग्राउंड जीरो ने अपनी रिलीज के छठे दिन 47 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 7.17 करोड़ रुपये हो गया है।ग्राउंड जीरो ने 1.15 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 1.9 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 2.15 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।चौथे दिन फिल्म ने 70 लाख रुपये और पांचवें दिन 80 लाख रुपये कमाए।ग्राउंड जीरो के निर्देशन की कमान तेजस प्रभा विजय देओस्कर ने संभाली है।

# द दिल्ली फाइल्स की रिलीज टली, विवेक अग्निहोत्री बोले- तारीख नहीं, फिल्म महत्वपूर्ण है

*विवेक अग्निहोत्री बॉलीवुड के उन निर्देशकों में शुमार हैं, जो अपनी बेबाक बयानबाजी के लिए जाने जाते हैं। वह काफी समय से फिल्म द दिल्ली फाइल्स को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।उनकी यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर यानी 15 अगस्त, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज को टाल दिया है। इसकी पुष्टि खुद अग्निहोत्री ने की है।इसके साथ उन्होंने रिलीज टलने का कारण भी बताया।अग्निहोत्री ने बताया द दिल्ली फाइल्स को इस साल अगस्त में ही रिलीज किया जाएगा, लेकिन 15 अगस्त को नहीं।ऐसे में अब बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना ऋतिक रोशन की वॉर 2 और रजनीकांत की कुली से नहीं होगा।अग्निहोत्री ने कारण बताते हुए कहा, हम शेड्यूल से पीछे चल रहे हैं। फिल्म 15 अगस्त को रिलीज नहीं हो पाएगी। मैं कोशिश कर रहा हूं। देखते हैं, क्या होता है। बहुत ज्यादा देर नहीं होगी।विवेक ने आगे कहा, हमारी फिल्म अच्छी है तो हमें इसे किसी भी तारीख पर रिलीज करें, वो चलगी। उससे कुछ फर्क नहीं पड़ता। तारीख महत्वपूर्ण नहीं है, फिल्म महत्वपूर्ण है।बता दें कि द कश्मीर फाइल्स और द वैक्सीन वॉर जैसी फिल्मों के जरिए सच्ची कहानियां दिखाने वाली अग्निहोत्री की फिल्म द दिल्ली फाइल्स- द बंगाल चैप्टर की शूटिंग पूरी हो गई है।*

# केसरी 2 का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा कायम, 13वें दिन कमाए इतने करोड़ रुपये



जलियांवाला बाग हत्याकांड के दर्द को बयां करती अक्षय कुमार की फिल्म केसरी- चैप्टर 2 को सिनेमाघरों में रिलीज का दूसरा सप्ताह चल रहा है और दर्शकों के बीच यह अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।

अन्य फिल्मों की तुलना में केसरी 2 बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की कमाई में मामूली गिरावट दर्ज की जा रही है।आइए जानें केसरी 2 ने 13वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार को 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद अब भारत में इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 72.80 करोड़ रुपये हो गया है।

# गर्मी में वैक्सिंग करते समय रखें इन बातों का ध्यान, नहीं होगी जलन और असुविधा

गर्मी का मौसम अपने साथ पसीना और चिपचिपाहट लेकर आता है। इस कारण शरीर जल्दी गंदा हो जाता है और साफ-सफाई का ज्यादा ध्यान रखना पड़ता है।महिलाओं के लिए इस समय शरीर के बाल हटाना जरूरी होता है, जिसके लिए वैक्सिंग करना ही सबसे सही विकल्प रहता है।

हालांकि, गर्मियों में वैक्सिंग करते समय आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए, ताकि आप असुविधा, संक्रमण और खुजली आदि से बच सकें।

## वैक्सिंग से पहले त्वचा को एक्सफोलिएट करें

गर्मी में त्वचा पर पसीना, धूल और मिट्टी जम जाती है, जिसे अच्छी तरह साफ करके ही वैक्सिंग करनी चाहिए। अगर आपकी त्वचा गंदी होगी तो वैक्स उसपर अच्छी तरह चिपकेगा नहीं और सारे बाल भी नहीं निकल पाएंगे।इसके लिए बॉडी वाश, साबुन या क्लींजर से त्वचा को साफ करें। वैक्सिंग करने से एक दिन पहले त्वचा को एक्सफोलिएट करना न भूलें।इससे मृत त्वचा साफ होगी और वैक्सिंग करने में आसानी होगी।

## त्वचा पर मॉइस्चराइजर न लगाएं

कई महिलाएं वैक्सिंग करने से पहले त्वचा पर मॉइस्चराइजर लगाने की गलती कर देती हैं।माना की गर्मी में त्वचा शुष्क हो जाती है, लेकिन आपको वैक्स लगाने से पहले कोई भी क्रीम इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। ऐसा करने से त्वचा ज्यादा चिकनी और नमि युक्त हो जाएगी।

इसके चलते वैक्स त्वचा पर सही से चिपकेगा नहीं और बाल अच्छी तरह नहीं निकल पाएंगे। इसलिए, साफ और शुष्क त्वचा पर ही वैक्सिंग करें।

## वैक्सिंग के बाद धूप के संपर्क में न आएं

वैक्सिंग करने के बाद त्वचा की सुरक्षात्मक परत हट जाती है और त्वचा अधिक संवेदनशील हो जाती है। यही कारण है कि बाल हटाने के तुरंत बाद धूप के संपर्क में नहीं आना चाहिए।

सूरज की किरणें त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं और खुजली, जलन, टैनिंग और काले धब्बे पैदा कर सकती हैं।

इन परेशानियों से बचने के लिए वैक्सिंग करने के करीब 24 घंटे बाद तक धूप में न निकलें।

## जलन को दूर करने के लिए बर्फ लगाएं

वैक्सिंग करने के दौरान त्वचा खिंचती है और गर्म वैक्स के कारण त्वचा में जलन होने लगती है। इतना ही नहीं, कई महिलाओं को गर्मी के कारण चकत्ते निकलने लगते हैं या उनकी त्वचा सूज जाती है।

ऐसे में आप बर्फ का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा की देखभाल कर



सकती हैं। जिस भी जगह पर जलन हो रही हो, वहां बर्फ रगड़ लें।


इससे असुविधा कम हो जाएगी और ठंडक के जरिए राहत मिल जाएगी।

## टाइट फिटिंग वाले कपड़े न पहनें

गर्मी में टाइट फिटिंग वाले कपड़े पहनने से आम तौर पर भी बचना चाहिए। हालांकि, वैक्सिंग करने के बाद तो भूलकर भी यह गलती नहीं करनी चाहिए।टाइट कपड़े पहनने से वैक्सिंग के बाद संवेदनशील हो चुकी त्वचा में रगड़ पड़ सकती है। इसके परिणामस्वरूप, आपकी त्वचा में चकत्ते हो सकते हैं या त्वचा लाल पड़ सकती है।

इसके अलावा, आपको लंबी आस्तीन वाले टॉप और पैंट पहननी चाहिए, ताकि टैनिंग से बचा जा सके।

# लिप बाम खरीदने जा रहे हैं? इन 5 बातों का रखें खास ध्यान



लिप बाम होंठों को नमी देने और उन्हें सूखने से बचाने के लिए एक जरूरी चीज है। बाजार में कई तरह के लिप बाम मिलते हैं, जिनमें से सही का चयन करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। आइए आज हम आपको लिप बाम खरीदते समय ध्यान रखने योग्य बातें बताते हैं ताकि आप अपने होंठों की देखभाल के लिए सही लिप बाम चुन सकें।

## प्राकृतिक चीजें होनी चाहिए

जब भी लिप बाम खरीदें, उसमें प्राकृतिक चीजें होनी चाहिए, जैसे कि शुद्ध मोम, नारियल का तेल, जैतून का तेल, शीया बटर आदि।

ये चीजें होंठों की नमी को बनाए रखने में मदद करती हैं और उन्हें स्वस्थ रखती हैं। कृत्रिम रसायनों से बचें क्योंकि ये त्वचा पर बुरा असर डाल सकते हैं और होंठों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। प्राकृतिक चीजों से बना लिप बाम आपके होंठों के लिए बेहतर होता है।

## धूप से बचाव का ध्यान रखें

सूरज की किरणें आपके होंठों को नुकसान पहुंचा सकती हैं इसलिए ऐसे लिप बाम चुनें, जिसमें धूप से बचाव की क्षमता हो।

यह आपके होंठों को सूर्य की किरणों से बचाने में मदद करेगा और उन्हें सुरक्षित रखेगा, खासकर गर्मियों में या जब आप बाहर ज्यादा समय बिताते हैं तो धूप से बचाव वाले लिप बाम का उपयोग करना जरूरी होता है। यह न केवल आपके होंठों को सुरक्षित रखेगा, बल्कि उन्हें स्वस्थ और चमकदार भी बनाएगा।

## खुशबू और स्वाद पर दें ध्यान

लिप बाम की खुशबू और स्वाद भी अहम होते हैं। ऐसा लिप बाम चुनें, जिसकी खुशबू पसंद आए और जो लगाने पर अच्छा लगे।

बाजार में कई तरह के स्वाद आते हैं जैसे कि पुदीना, स्ट्रॉबेरी, वनीला आदि। अपनी पसंद और जरूरत के हिसाब से ही लिप बाम का चयन करें ताकि आप उसे नियमित रूप से खुशी-खुशी इस्तेमाल कर सकें।

इससे आपका अनुभव और भी अच्छा होगा और आप अपने होंठों की देखभाल बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

## पैकेजिंग पर ध्यान दें

लिप बाम की पैकेजिंग भी अहम होती है। ऐसी पैकेजिंग वाली लिप बाम चुनें, जो आसानी से इस्तेमाल हो सके और सुरक्षित भी रहे।

ट्यूब या रोल-ऑन पैकेजिंग बेहतर विकल्प हो सकते हैं क्योंकि इन्हें साथ ले जाना आसान होता है और ये साफ-सुथरे भी रहते हैं।

इसके अलावा पैकेजिंग के जरिए आप उत्पाद की गुणवत्ता और सामग्री के बारे में भी जान सकते हैं, जिससे सही चयन करना आसान हो जाता है।

## ब्रांड की विश्वसनीयता जांचें

आखिरी बात, हमेशा भरोसेमंद ब्रांड से ही लिप बाम खरीदें।

उनके बारे में लोगों की राय पढ़ें और देखें कि दूसरे ग्राहकों ने उनके बारे में क्या कहा है। इससे आपको उत्पाद की गुणवत्ता का अंदाजा होगा और आप सही निर्णय ले पाएंगे।इन सभी बातों का ध्यान रखकर आप अपने होंठों के लिए सही लिप बाम का चयन कर सकते हैं, जो उन्हें मुलायम, स्वस्थ और खूबसूरत बनाएगा।

## शाम को भी चल रही लू की लपटें, सूर्यदेव दिखा रहे रोद्र रूप

### पारा 42 डिग्री से ऊपर, गर्मी का असर हो रहा तेज

नर्मदापुरम (निप्र)। गर्मी का असर तेज होता जा रहा है। बैशाख में ही ज्येष्ठ माह के समान तेज लू लपट का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार इन दिनों अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री दर्ज हुआ है। बीते कुछ दिनों से तापमान 42 से ऊपर ही उछाल पर है। दिन भर तेज तपन के साथ गर्म हवाएं चलने से लू के थपेडे के कारण झुलसाने वाली गर्मी का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अभी और गर्मी बड़ने की संभावना बन रही हैं। उन्होने बताया कि राजस्थान क्षेत्र से गर्म हवाएं आ रही हैं उसके कारण कभी बादलों का रूख तो कभी गर्म हवाओं का रूख बना हुआ है। इस मौसम के चलते आने वाले दिनों में हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। वहीं डाक्टरों का कहना है कि इस मौसम में छोटे बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है। उनको पीने के पानी की कमी नहीं होने देना चाहिए। दोपहर के समय धूप से बचें। बासा भोजन नहीं करना चाहिए। तेज गर्मी से सावधान रहने की आवश्यकता है। शरीर में पानी की कमीं नहीं आने देना चाहिए। लू का असर दिखते ही उपचार जरूर कराना चाहिए।

## अमृत 2.0 योजना के तहत 2 करोड़ की लागत से सड़कों का हो रहा डामरीकरण

### नगरपालिका अध्यक्ष ने सब्जी मंडी का किया निरीक्षण

इटारसी(निप्र)। अमृत 2.0 योजना के तहत सड़कों पर डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। आज सब्जी मंडी में सड़क पर डामरी कार्य निरीक्षण करने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे पहुंचे।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद श्रीमती मनीषा आशुतोष अग्रवाल उपयंत्री आदित्य पांडे डामरीकरण कार्य ठेकेदार प्रशांत अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे। नगर पालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने यहां पर सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं से भी चर्चा की। सब्जी विक्रेताओं ने उन्हें धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि अब सब्जी मंडी और भी ज्यादा खूबसूरत नजर आएगी।

## नीट (यूजी) परीक्षा की तैयारियों के संबंध में 03 मई को की जाएगी समीक्षा बैठक आयोजित

नर्मदापुरम (निप्र। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) एवं उच्च शिक्षा विभाग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET UG 2025) का आयोजन 04 मई 2025 को दोपहर 02:00 से 05:00 बजे तक जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा। यह परीक्षा जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी।परीक्षा के सफल आयोजन एवं समुचित व्यवस्थाओं के लिए 03 मई 2025 को प्रात: 09:00 बजे से जिला कार्यालय स्थित रेवा सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में परीक्षा से जुड़े सभी व्यवस्थाओं जैसे - सुरक्षा, परिवहन, चिकित्सा सहायता, निगरानी, एवं प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।सर्व संबंधित अधिकारियों एवं परीक्षा केन्द्र प्रभारियों को सूचित किया गया है कि वे उक्त बैठक में निर्धारित समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

# पति की संदिग्ध मौत के बाद पत्नी ने पुलिस प्रशासन के साथ ही पीएम, रक्षा मंत्री से गहन जांच की लगाई थी गुहार

### अक्षय डाक्टरों के साथ वाहन में थे सवार, डाक्टरों ने नहीं कराया उचित उपचार, फिर भी ध्यान नहीं दे रही सरकार

नर्मदापुरम (निप्र) ।स्व. अक्षय दीक्षित की संदिग्ध मृत्यु को लेकर शासन प्रशासन गंभीर नहीं रहा। परिजनों के द्वारा उचित जांच की मांग पर भी ध्यान नहीं दिया गया। पुलिस ने जांच के नाम पर मजाक किया है। जिसकी वाडी पूरी मिली उसका एक पैर पुलिस ने गायब कैंसे लिखा? जब बिसरा में एल्कोहल नहीं आया तब उसे नशे की हालत में वाहन चलाना क्यों बताया गया। इनता नहीं वाहन में वरिष्ठ डाक्टरों की मौजूदगी जिसमें एक तो सीएमएचओ स्वयं मौजूद थे तब उसे वाहन क्यों चलाने दिया गया? जब अन्य लोगों को उतनी चोट नहीं आई तब अपने साथी को एम्बूलेंस से अस्पताल पहुंचाने की चिंता क्यों नहीं की गई? ऐसे तमाम सवाल परिजनों के साथ ही शहरवासियों व शुभचिंतकों के मन में उठ रहे हैं। मौत को लेकर तरह तरह की शंकाएं हो रही हैं। जिसका जबान बेटा दर्दनाक हादसे में स्वर्गवासी हो गया हो, जिसका पति मासूम बेटे को छोड़कर दुनिया से चला गया हो। उस परिवार पर क्या गुजर रही होगी? इसकी चिंता समाज के प्रशासन के जबावदारों को करनी चाहिए थी। जब परिजन इतने गंभीर सदमें से कुछ समय बाद जैसे तैसे बाहर आए उन्होंने जांच के लिए जबावदार अधिकारियों को पत्राचार किया। आवेदन दिए। मृतक अक्षय की पत्नी ने जब पीएम और रक्षा मंत्री सहित अन्य को आवेदन रजिस्ट्री जांच से भेजे हैं तब तो सरकार में बैठे इन जबावदारों को एक पीडित पत्नी की चिंता गंभीरता से करनी चाहिए। क्योंकि सरकार में बैठे लोग नारी शक्ति की बातें बहुत करते हैं। नारी को न्याय दिलाने की चिंता कौन करेंगे?

मौत के बाद जो दस्तावेज सामने आए हैं। वह मृतक के परिजनों को उपलब्ध कराने में मदद की जानी चाहिए थी। तथा जांच को गंभीरता से लिया जाना चाहिए था। जिसने मौत के बाद एक पैर गायब लिखा है उसको उसकी इतनी गंभीर गलती के लिए कौन सबक सिखाएगा? सरकार एक पीडित परिवार की गुहार पर क्यों ध्यान नहीं दे रही है?अक्षय के पिता समाजसेवी अरूण दीक्षित तथा उनके मित्रों ने दस्तावेजों का परीक्षण करके पत्रकार वार्ता में खुले शब्दों षडयंत्र की आशंका जताई है। क्योंकि जो बयान सामने आ रहे हैं। उनमें अनेक विसंगतियां समाहित हैं। पुलिस की जांच भी शंका के दायरे में है। जब परिवार ने जांच के लिए आवेदन दिया था उस पर जांच होना चाहिए थी।

न कि मामले का खात्मा लगया जाना चाहिए था। सीएमएओ डॉ दिनेश देहलवार,डॉ रोहित शर्मा व एक अन्य साथी के फिर से बयान लेकर कोई बड़ी जांच एजेंसी प्रदेश स्तर की हो उससे गहन जांच कराई जाना चाहिए। जिससे कि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। यदि वास्तविक रूप से जांच होती तो इस पीडित परिवार को बीमा आदि का लाभ मिल सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। क्योंकि इस मामले में पुलिस और अक्षय के साथियों ने सही तरीके से सहयोग करने की बजाए उससे बचते रहे हैं।

### समाज को भी आना चाहिए आगे

शहर के समाजसेवियों व अन्य जबावदारों को इस गंभीर मसले पर शासन प्रशासन के द्वारा की गई लापरवाही को लेकर जन आंदोलन करना चाहिए। क्योंकि एक पीडित परिवार की सुनवाई करने की बजाय उस मामले का खात्मा ही कर दिया गया। हालाकि श्री दीक्षित के साथियों के द्वारा भी इस मामले में आक्रोश जताया जा रहा है।

### फिर से खोली जाए फाइन

यदि पुलिस ने खात्मा लगाकर फाइल बंद कर दी है तो पीडित परिवार की मांग पर उस फाइल को फिर से खुलवाई जाना चाहिए और समाज के वरिष्ठजनों की सलाह मसविरा लेकर सार्थक जांच एजेंसी तय होनी चाहिए। जिससे कि पीडित परिवार कुछ हद तक संतुष्ट हो सके। ऐसा नहीं किया जाना एक पीडित परिवार के साथ खुला अन्याय होगा।

**जल गंगा संवर्धन अभियान 2025**

## अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से संबंधित विभिन्न गतिविधियां जारी




नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में जिले में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना एवं पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण व पुनर्जीवन करना है।अभियान के तहत जिले में व्यापक स्तर पर दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर-बैनर प्रदर्शन, रंगोली प्रतियोगिता, ग्राम सभाएं, जल चौपाल जैसी विविध जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से आमजन को जल की महत्ता और संरक्षण के उपायों की जानकारी दी जा रही है।साथ ही जिले के विभिन्न ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, नहरों की सफाई, खेत तालाब निर्माण, सोख्ता गड्ढा (सोकपिट) निर्माण जैसी अनेक तकनीकी गतिविधियां भी संपन्न की जा रही हैं। इन कार्यों का उद्देश्य जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना और भू-जल स्तर को बनाए रखना है।अभियान के दौरान जिले के सभी संबंधित विभाग समन्वित प्रयासों से जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, पौधारोपण तथा परंपरागत जल संरचनाओं के रखरखाव व संवर्धन में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।जनपद पंचायत केसला अंतर्गत ग्राम कांदई कला में डगवेल रिचार्ज कार्य प्रारंभअभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत केसला द्वारा ग्राम कांदई कला में डगवेल रिचार्ज कार्य प्रारंभ किया गया है।

## अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, नर्मदापुरम नगर में कच्चे-पक्के निर्माण हटाए गए




नर्मदापुरम (निप्र) । कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित रूप से सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज नर्मदापुरम जिला मुख्यालय पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।कार्यवाही नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम एवं राजस्व अमले द्वारा संयुक्त रूप से की गई। इसमें पुराना बस स्टैंड, हलवाई चौक, सब्जी मंडी सहित नगर के अन्य प्रमुख स्थानों पर अतिक्रमण हटाए गए।अभियान के तहत जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध रूप से किए गए पक्के निर्माणों को ध्वस्त किया गया। इसके साथ ही सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से लगाई गई टपरियाँ एवं गुमठियाँ भी हटाई गईं। प्रशासन द्वारा सार्वजनिक परिसरों, सड़कों और चौक-चौराहों पर किए गए किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित रूप से अभियान चला कर कार्यवाही की जा रही है।

# बाजार क्षेत्र में चैंबर्स तोड़ चलाई जेसीबी, निकाला जा रहा है कचरा

## नाले नालियों की सफाई करने में जुटा नपा

नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका द्वारा बारिश पूर्व नगर के नाले नालियों की सफाई की जा रही है। सफाई अभियान के तहत बाजार क्षेत्र में स्थित चेंबर्स को तोड़े गए साथ ही उसमें जमीं गंदगी को बाहर किया गया। भारी मात्रा में पालिथिन, प्लास्टिक और ईंट पत्थर निकले।

### '4 चैंबर्स तोड़कर निकाला कचरा'

'स्वच्छता उपनिरीक्षक संजय लुटारे ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर बाजार क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया जा रहा है।' जिसमें चैंबर्स को जेसीबी की मदद से तोड़कर हटाया गया। बताया कि हलवाई चौक से लेकर लेंडिया बाजार मटन मार्केट तक यह अभियान चल रहा है। करीब 25 ट्राली कचरा निकला है।

### नाले नालियों से हटाया अतिक्रमण

नाले नालियों पर किए गए अतिक्रमण को लेकर भी नगरपालिका की टीम द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद वहां छोटी जेसीबी की मदद से नाले नालियों की सफाई की। बारिश पूर्व इस अभियान से बाजार क्षेत्र में जल भराव की समस्या के समाधान की संभावना बताई जा रही है।

### 'व्यापारियों ने किया अवलोकन

शुक्रवार को बाजार क्षेत्र में चल रहे सफाई अभियान का अवलोकन किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र चौकसे और विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव के साथ स्थानीय व्यापारी भी शामिल रहे।

### सफाई की जा रही है

नगरपालिका की स्वच्छता टीम और अतिक्रमण दल को सख्त निर्देश दिए गए हैं। बारिश पूर्व नगर के समूचे छोटे बड़े नाले नालियों से अतिक्रमण हटाकर वहां स्वच्छता अभियान चलाया जाए। समस्त नागरिकगणों और व्यापारीगणों से आग्रह है कि वे नगरपालिका द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में सहयोग करें।

**हेमेश्वरी पटले**
**सीएमओ नर्मदापुरम्**

### स्वच्छता अभियान में सहयोग करें

समस्त व्यापारीगणों और नागरिकों से आग्रह है कि नपा के सफाई अभियान में सहयोग करें। जिस किसी ने भी नाले नालियों पर निर्माण किए हैं वे तुरंत हटा लें जिससे कि नाले नालियों की सफाई सरलता से हो सके। साथ ही अपने दुकान प्रतिष्ठान और घर का कचरा वाहन आने पर उसी में डालें। नाले नालियों में फैंकने से जलनिकासी अवरूद्ध होती है।

**'नीतू महेंद्र यादव**
**नपाध्यक्ष नर्मदापुरम्**

# जल संरक्षण को सार्थक करता जल गंगा संवर्धन अभियान

## जनपद पंचायत केसला के ग्राम नया मलुपुरा में खेत तालाब निर्माण प्रारंभ

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान को मध्यप्रदेश में साकार करने हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में जल संरक्षण के विविध कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं। इस अभियान की शुरुआत 30 मार्च से की गई है और यह 30 जून तक संचालित किया जाएगा।अभियान के तहत श्रमदान, दीवार लेखन, जल चौपाल जैसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है।

इसी क्रम में राज्य शासन की खेत-तालाब योजना का लाभ लेकर जिले के कई किसान अपने खेतों में तालाब का निर्माण कर रहे हैं, जिससे न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि मनरेगा (रोजगार गारंटी योजना) के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है।

ग्राम पंचायत नया भाड़भूड़ अंतर्गत नया मलुपुरा में खेत तालाब निर्माण का कार्य प्रारंभ

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत नया भाड़भूड़ के ग्राम नया मलुपुरा में हितग्राही लखन पासे के खेत में खेत तालाब निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल के संचयन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

खेत तालाब निर्माण से भू-जल स्तर में सुधार होगा और किसानों को सिंचाई हेतु सतत जल स्त्रोत उपलब्ध हो सकेगा। यह प्रयास जल संरक्षण को मजबूती देने के साथ-साथ कृषि उत्पादकता को भी बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

# सुपर सीडर मशीन : आधुनिक खेती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

### मशीन क्रय करने पर राज्य शासन द्वारा प्रदान किया जा रहा 50 प्रतिशत तक का अनुदान

### कृषि यंत्र किराए पर लेने के लिए जे फार्म सर्विस प्लेटफार्म के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते है किसान



नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की सुविधा उपलब्ध कराकर कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा सुपर सीडर मशीन पर 50 प्रतिशत तक का अनुदान (अधिकतम 1.20 लाख रुपये) प्रदान किया जा रहा है। अब तक जिले के समस्त विकासखंडों में 57 कृषक लाभ प्राप्त कर सुपर सीडर मशीन का क्रय कर चुके हैं।सुपर सीडर एक उन्नत बुआई मशीन है, जिसका उपयोग गेहूं, मूंग, उड़द सहित अन्य फसलों की बुवाई हेतु किया जाता है। यह मशीन मुख्यत: दो भागों में विभाजित होती हैरोटावेटर - जिसमें जे टाइप ब्लेड लगे होते हैं, जिससे खेत की तैयारी आसानी से होती है और नरवाई को बारीक करके मिट्टी में मिला दिया जाता है।सीड ड्रिल अटेचमेंट - जिसके माध्यम से खेत तैयार होते ही बुवाई एक ही समय में हो जाती है। इस मशीन को चलाने के लिए कम से कम 50 हॉर्सपावर के ट्रैक्टर की आवश्यकता होती है। मशीन की कीमत मॉडल के अनुसार 2.5 लाख से 3.5 लाख रुपये तक होती है। किसान इस मशीन के लिए एम.पी ऑनलाइन या विभागीय पोर्टल https://dbt.mpdage.org के माध्यम से अनुदान हेतु आवेदन कर सकते हैं।

**मशीन के उपयोग से होने वाले प्रमुख लाभ**

हार्वेस्टर से कटाई के तुरंत बाद बिना जुताई के अगली फसल की बुवाई संभव, भुसा मशीन से बने भुसे के साथ भी बुवाई की जा सकती है,नरवाई जलाने की आवश्यकता नहीं, जिससे पर्यावरण संरक्षण होता है, संरक्षित कृषि के माध्यम से समय, श्रम, लागत और जल की बचत, उत्पादन की मात्रा एवं गुणवत्ता में सुधार, खरपतवार नियंत्रण में सहायक, पर्यावरण जनित बीमारियों से बचाव, मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि।

## लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का हुआ आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र) । संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया के मार्गदर्शन में 2 मई 2025 को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन नगर पालिका के सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती अर्चना पुरोहित, महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती रिचा तिवारी, विधायक प्रतिनिधि श्रीमती सीमा तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे दीप प्रज्वलन एवं कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्रीमती अर्चना पुरोहित द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना की बालिकाओं को संबोधित करते हुए बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव की बधाई दी गई एवं योजना की उपलब्धियां के संबंध में बात की गई। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना की बालिकाओं द्वारा द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया गया एवं उत्कृष्ट उपलब्धि वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना के आश्वासन प्रमाण पत्र का वितरण किया गया ।कार्यक्रम का संचालन पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास श्रीमती श्वेता पटवा द्वारा किया गया।

# लाड़ली लक्ष्मी दिवस पर जिले में उत्सव का माहौल

## जिले की विभिन्न परियोजनाओं में आयोजित हुए कार्यक्रम




नर्मदापुरम (निप्र) । मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत लाडली लक्ष्मी दिवस को 02 मई 2025 को जिले भर में उत्सव के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया।

जिले के समस्त नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं ग्राम पंचायतों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पौधारोपण, कन्या पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित बालिकाओं के साथ संवाद कार्यक्रम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली बालिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान नवीन पंजीकृत बालिकाओं के अभिभावकों को योजना की कुल राशि 1,43,000 रुपए का आश्वासन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अब तक जिले में 89,342 बालिकाओं को मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है। योजना के अंतर्गत बालिकाओं को कक्षा 6 में 2000 रुपए, कक्षा 9 में 4000 रुपए, कक्षा 11 एवं 12 में 6000-6000 रुपए, उच्च शिक्षा हेतु 25,000 रुपए तथा 21 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 1,00,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।जिले की विभिन्न परियोजनाओं में आयोजित कार्यक्रमों में लाडली लक्ष्मी बेटियों का पुष्पगुच्छ एवं उपहारों के साथ स्वागत किया गया। नृत्य, गायन और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे उपस्थित सभी दर्शक भावविभोर हो उठे। मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना के माध्यम से बालिकाओं के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण का कार्य निरंतर जारी है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड़ नर्मदापुरम
### पुलिस कन्ट्रोल रूम के सामने, पिपरिया रोड

**दूरभाष क्रमांक** 07574-252571 (फेक्स) 07574-253119 **Email Address - eephedhos@mp.nic.in**

### //निविदा आमंत्रण सूचना//

निम्नलिखित कार्य की निविदाऐं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://mptenders.gov.in पर नर्मदापुरम जिले के विकासखंड पिपरिया के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत नवीन/रेट्रोफिटिंग नलजल योजनाओं के शेष कार्यो (बैलेंस वर्क) के क्रियान्वयन के तहत, आरसीसी उच्च स्तरीय टंकी, आरसीसी सम्पवेल कम पम्प हाउस निर्माण/आरसीसी फ्रेम्ड ब्रिक मेसोनरी पंप हाउस निर्माण, मोटर पंप स्थापना, पाईप लाईन बिछाना, घरेलु नल कनेक्शन, विद्युत संयोजन इत्यादि कार्य तथा समस्त सामग्री एवं लेबर सहित योजनाओं की टेस्टिंग, कमीशनिंग, 90 दिवस तक ट्रायल रन कार्य हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक/दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखंड का नाम | ग्रामों की संख्या | ग्राम का नाम | निविदा की कुल लागत (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02/25-26 दिनांक 29-04-2025 | 2025_PHED_416727_1 | पिपरिया | 3 | 1 मटकुली<br>2 सिंगानामा<br>3 रिछेडा | 16675000/- | 166750/- | 12500/- | 180 दिवस वर्षा ऋतु सहित | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली |
| 03/25-26 दिनांक 29-04-2025 | 2025_PHED_416730_1 | पिपरिया | 3 | 1 खापरखेडा<br>2 सांडिया<br>3 मरकाढाना | 16233000/- | 162330/- | 12500/- | 120 दिवस वर्षा ऋतु सहित | --सदैव-- |
| ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि | | | | 15.05.2025 17:00 बजे तक | | | | | |
| ऑनलाईन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | | | | 15.05.2025 17:00 बजे तक | | | | | |
| ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि | | | | 16.05.2025 17:00 बजे से | | | | | |

जी/12318/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**नर्मदापुरम**


*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*


कृषि की ताकत, उद्योग का सहारा
बढ़ेगा किसान, बढ़ेगा देश हमारा
मध्यप्रदेश शासन
सत्यमेव जयते
खेती से कारोबार की ओर
कृषि-उद्योग समागम 2025
कृषि-उद्योग समागम 2025
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
शुभारंभ
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
3 मई, 2025 | दोपहर 12:00 बजे
कृषि उपज मंडी ग्राउंड
सीतामऊ, मंदसौर
कृषि उद्योग समागम - किसानों के हित में नई पहल
तकनीक को प्रोत्साहन
किसान भाई-बहन एक ही मंच पर कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन के, ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस युक्त आधुनिक यंत्रों एवं नवीनतम तकनीकों से परिचित होंगे
आधुनिक आदान को बढ़ावा
सिंचाई संयंत्र, बीजों की उन्नत एवं नवीनतम किस्मों तथा वैज्ञानिक रूप से विकसित फर्टिलाइजर्स की जानकारी से भी अवगत होंगे
कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण को नए आयाम
कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण की नवीनतम पद्धतियों, डेयरी टेक्नोलॉजी तथा मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीकों की सटीक जानकारी एवं मार्गदर्शन
कृषि और उद्योग की साझेदारी
कृषि एवं उद्यानिकी फसल आधारित उद्योगों से जुड़े उद्यमी, किसान उत्पादक संगठन (FPO), क्रेता-विक्रेता, निर्यातक एवं किसान संगोष्ठी के माध्यम से तलाशेंगे साझेदारी के अवसर
किसान हित की योजनाओं में पंजीयन
फसल बीमा कंपनी, किसान क्रेडिट कार्ड एवं बैंकर्स द्वारा किसानों के साथ जानकारी साझा की जाएगी तथा किसान हित की योजनाओं में होगा किसानों का पंजीयन
D-11021/25
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
#कृषि_उद्योग_समागम_MP